TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition

बालयोगी ने जलभराव के बीच चलाई नाव... (पेज-3)

पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-59 | मूल्य ₹7 | सोमवार | दिनांक- 31.08.2026

## त्रासदी में अब तक 788 लोगों की मौत; 149 भारतीय नागरिक किए गए रेस्क्यू

एजेंसी, काठमांडू।

नेपाल में 26 अगस्त को ग्लेशियर टूटने के बाद आई भीषण बाढ़ और मलबे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 788 हो गई है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, 2,502 लोग अब भी लापता हैं, जबकि 9,435 लोगों को बचाया जा चुका है। बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल में गांवों, कस्बों, सड़कों और जलविद्युत परियोजनाओं को भारी नुकसान पहुंचाया। चीन में भी 16 लोगों की मौत हुई है और करीब 550 लोग लापता हैं। भारत के 275 से अधिक नागरिक और 128 भारतीय मूल के लोग नेपाल में लापता या संपर्क से बाहर हैं।

नेपाल में भयानक अचानक आई बाढ़ के पांच दिन बाद भी, लापता लोगों की तलाश समय के साथ एक मुश्किल दौड़ बन गई है; परिवार वाले काठमांडू के अस्पतालों में अपने प्रियजनों की कोई खबर या सुराग पाने की उम्मीद में जा रहे हैं। रविवार को लापता लोगों के रिश्तेदार उनकी तलाश करते रहे, इस उम्मीद में कि शायद कोई जीवित मिल जाए या उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी मिल सके।




### रविवार शाम तक 149 भारतीय बचाए गए

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि, 'आज, 30 अगस्त को शाम 5:30 बजे तक नेपाल में 149 भारतीय नागरिक बचाए गए हैं'। उन्होंने पोस्ट में सभी 149 भारतीयों के नाम भी साझा किए हैं।

## फिल्मी दुनिया के अभिनेता चंद्रचूड़ पहुंचे पुलिस की चौखट पर!

### संपत्ति विवाद में फर्जी वसीयत बनाने का आरोप, चाची, कजिन ब्रदर समेत सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

बॉलीवुड अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह ने अपनी बुआ गायत्री देवी, दो चचेरे भाइयों और चार अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके दादा की वसीयत में हेराफेरी करके उनके पिता को उनकी विरासत से वंचित किया गया है।



### प्रॉपर्टी पर किए फर्जी हस्ताक्षर

29 अगस्त को रोरावाड़ पुलिस स्टेशन में दर्ज अपनी शिकायत में चंद्रचूड़ ने आरोप लगाया है कि अलीगढ़ के बाहरी इलाके में स्थित जलालपुर गांव के एक प्रमुख जमींदार उनके दादा ठाकुर हरेंद्र पाल सिंह के हस्ताक्षर 1997 में उस समय जाली बनाए गए थे, जब वे गंभीर रूप से बीमार थे और कथित तौर पर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की स्थिति में नहीं थे।

चंद्रचूड़ ने आरोप लगाया कि उनके चाचा गंगा सिंह और परिवार के अन्य सदस्यों ने वसीयत पर जाली हस्ताक्षर किए जिससे उनके पिता, स्वर्गीय कैप्टन बलदेव सिंह, अपने उत्तराधिकार के अधिकारों से वंचित हो गए।

शिकायत के अनुसार, जब कथित तौर पर वसीयत पर हस्ताक्षर किए गए, तब कैप्टन बलदेव सिंह अलीगढ़ में उपस्थित नहीं थे। उन्होंने बताया कि उनके दूसरे चाचा, पुनिया प्रताप सिंह, हरेंद्र पाल सिंह से पहले ही गुजर चुके थे।

### अभिनेता ने क्या लगाया आरोप?

अभिनेता ने आगे आरोप लगाया कि विवादित वसीयत के तहत विरासत में मिली अधिकांश प्रमुख संपत्तियों को वर्षों बाद बेच दिया गया। शुक्रवार शाम पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत जुटा लिए हैं। चंद्रचूड़ ने यह भी बताया कि एफआईआर दर्ज कराने के बाद उन्होंने पुलिस में अपना बयान दर्ज कराया।

यह विवाद पिछले साल सामने आया था, जब गायत्री देवी ने आरोपों को झूठा बताते हुए चंद्राचूर पर उन्हें झूठा फंसाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा था कि वसीयत असली थी।

बता दें कि चंद्रचूड़ के पिता, कैप्टन बलदेव सिंह अलीगढ़ शहर से कांग्रेस के पूर्व विधायक थे। उनका कुछ साल पहले निधन हो गया था।

## तीन सितंबर को मथुरा आएंगे सीएम योगी

- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में करेंगे दर्शन-पूजन
- मुख्यमंत्री के दो दिवसीय मथुरा दौरे का कार्यक्रम तय

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन और चार सितंबर को मथुरा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार तीन सितंबर को मुख्यमंत्री दोपहर करीब 1.30 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से पवनहंस वृंदावन पहुंचेंगे इसके बाद वह भक्ति स्थल मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे मुख्यमंत्री करीब 1.25 बजे गीता शोध संस्थान वृंदावन पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दोपहर 2.30 से करीब 3.30 बजे तक वह तीर्थ विकास परिषद की समीक्षा बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद गीता शोध संस्थान एवं प्रेम महाविद्यालय के लोकार्पण-शिलान्यास, पौधारोपण तथा साधु-संतों के सम्मान सहित विभिन्न परियोजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के कार्यक्रम में शामिल होंगे शाम को मुख्यमंत्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे।



इसके बाद वह अशोका अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। चार सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह करीब 9.55 बजे श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचेंगे। यहां वह गो-पूजन के साथ श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन-पूजन करेंगे इसके बाद मुख्यमंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान का दौरा करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह करीब 11.10 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से मथुरा से रवाना होंगे मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं जन्माष्टमी के दौरान उनके आगमन को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# अब उज्बेकिस्तान में भी चलेगा भारतीय UPI

### पीएम मोदी के दौरे में 11 ऐतिहासिक समझौते

एजेंसी, ताशकंद।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उज्बेकिस्तान यात्रा के दौरान भारत और उज्बेकिस्तान के संबंधों को नई ऊंचाई देते हुए दोनों देशों ने अपनी रणनीतिक साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदलने का फैसला किया है। इस दौरान संस्कृति, आयुर्वेद, खनिज संसाधन, पर्यटन, शिक्षा, पर्यावरण, वित्त और वैज्ञानिक शोध समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौतों और अन्य पहलों की घोषणा की गई।

विदेश मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी यात्रा के परिणामों के मुताबिक, दोनों देशों ने 2026-30 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम पर समझौता किया है। इसके तहत दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संपर्क और आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा।

**बौद्ध स्थलों के संरक्षण में सहयोग**

भारत उज्बेकिस्तान के प्राचीन बौद्ध स्थलों फयाज टीपा और करा टीपा के संरक्षण और पुनरुद्धार में भी सहयोग करेगा। ये दोनों ऐतिहासिक स्थल उज्बेकिस्तान के तेरमेज क्षेत्र में स्थित हैं। इसके लिए भारत के विदेश मंत्रालय और उज्बेकिस्तान की सांस्कृतिक विरासत एजेंसी के बीच लेटर ऑफ इंटेंट हुआ है। दोनों देशों के राष्ट्रीय अभिलेखागार के बीच भी सहयोग का समझौता हुआ है। वहीं, आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए भी एमओयू किया गया।



**खनिज से लेकर पर्यटन तक सहयोग**

भारत के खान मंत्रालय और उज्बेकिस्तान के खनन उद्योग एवं भूविज्ञान मंत्रालय के बीच भूविज्ञान और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग पर सहमति बनी है। पर्यटन के क्षेत्र में 2026-28 के लिए साझेदारी कार्यक्रम भी शुरू किया गया है। इसके अलावा भारत के सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस और उज्बेकिस्तान की डिप्लोमैटिक अकादमी के बीच सहयोग का समझौता हुआ है। दोनों देशों के वित्त मंत्रालयों के बीच आर्थिक और वित्तीय संवाद शुरू करने के लिए भी एमओयू किया गया है।

**पर्यावरण और शिक्षा पर जोर**

भारत और उज्बेकिस्तान ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी समझौता किया। उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग के लिए एमओयू हुआ है। भारत ने अरल सागर क्षेत्र में वनीकरण के लिए 10 लाख डॉलर देने की घोषणा की है। इसके अलावा हिंदी भाषा के लिए लाल बहादुर शास्त्री छात्रवृत्ति के तहत 100 छात्रवृत्तियां देने और ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में आईसीसीआर संस्कृत चेयर स्थापित करने की घोषणा की गई है।

**उज्बेकिस्तान में UPI से भुगतान की सुविधा**

भारत के डिजिटल भुगतान तंत्र यूपीआई को भी उज्बेकिस्तान में विस्तार मिलने जा रहा है। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) और उज्बेकिस्तान के नेशनल इंटरबैंक प्रोसेसिंग सेंटर (NIPC) के बीच वाणिज्यिक समझौता हुआ है। इसके तहत भारत के UPI ऐप से उज्बेकिस्तान के राष्ट्रीय दफ कोड वेदफ को स्कैन कर व्यापारिक भुगतान किया जा सकेगा। इसके अलावा गुजरात और उज्बेकिस्तान के समरकंद क्षेत्र के बीच साझेदारी संबंध स्थापित करने के लिए भी सहयोग समझौता हुआ है।

### यात्रा के प्रमुख फैसले

- भारत-उज्बेकिस्तान संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदले।
- अरल सागर क्षेत्र में वनीकरण के लिए भारत देगा 10 लाख डॉलर।
- हिंदी भाषा के लिए 100 लाल बहादुर शास्त्री छात्रवृत्तियां।
- ताशकंद में संस्कृत चेयर स्थापित होगी।
- उज्बेकिस्तान में वढकऐप से वेदफस्कैन कर भुगतान की सुविधा।
- बौद्ध स्थलों फयाज टीपा और करा टीपा के संरक्षण में भारत सहयोग करेगा।
- भूविज्ञान, खनिज, आयुर्वेद, पर्यटन, पर्यावरण, उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक शोध में सहयोग बढ़ेगा।

### 'दोस्तलिक' सम्मान से सम्मानित हुए पीएम मोदी, बोले- यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान 'ओली दराजली दोस्तलिक' से सम्मानित किए जाने पर राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव और उज्बेकिस्तान की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के दूरदर्शी नेतृत्व और भारत के प्रति उनकी मित्रता की सराहना करते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और नई ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान मिलने पर खुशी जताते हुए इसे भारत और उज्बेकिस्तान के बीच सदियों पुरानी दोस्ती और साझा विरासत को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 'दोस्तलिक' का अर्थ दोस्ती है और यही शब्द भारत-उज्बेकिस्तान संबंधों की वास्तविक भावना को सबसे बेहतर तरीके से व्यक्त करता है। पीएम मोदी ने कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। उन्होंने भारत के लोगों की ओर से उज्बेकिस्तान की जनता, सरकार और राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव का आभार व्यक्त किया।

## मन की बात लाइव: पीएम मोदी ने सूर्यपथ तिरंगा अभियान का किया जिक्र

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी रविवार को मन की बात में कहा, "मेरे प्यारे देशवासियों, अगस्त के महीने में हमें हर तरफ देशभक्ति के अनेक रंग देखने को मिलते हैं। इस समय हर व्यक्ति के मन में राष्ट्र-प्रेम की भावना और प्रबल हो जाती है। 'नेशनल हैंडलूम डे' और 'भारत छोड़ो आंदोलन' की वर्षगांठ से लेकर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस इसे खास बनाते हैं। 'स्वतंत्रता दिवस' और 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' इसके अवसर तो हर देशवासी को गर्व से भर देते हैं। 'हर घर तिरंगा अभियान' इस भावना को और मजबूत करता है। 'वंदे मातरम' के डेढ़-सौ वर्ष पूरे होने से यह साल और भी विशेष बन गया है। इस बार 8 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गईं और तिरंगे का ये उत्सव केवल भारत तक ही सीमित नहीं रहा - इस साल 'सूर्यपथ तिरंगा' के जरिए हमारा तिरंगा दुनिया-भर की एक अनोखी यात्रा पर निकला। फिजी के सुवा में सूरज की पहली किरण के साथ तिरंगा फहराया गया।"

पीएम मोदी ने कहा, "मेरे प्यारे देशवासियों, हमारे पर्व और त्योहार, हमारी परंपराओं के साथ-साथ, हमें एक-दूसरे से जुड़ने का भी अवसर देते हैं। आने वाले दिनों में हम और भी कई महत्वपूर्ण पर्व मनाने जा रहे हैं। 4 सितंबर को जन्माष्टमी का पावन पर्व है। सितंबर में ही हम विश्वकर्मा पूजा भी मनाएंगे। इस अवसर पर अपने आसपास के कारीगरों, शिल्पकारों और विश्वकर्मा साथियों का सम्मान करना चाहिए। कुछ महीनों बाद दीपावली भी आने वाली है, इसकी तैयारियां भी धीरे-धीरे शुरू हो रही हैं। त्योहारों के इस मौसम में, मैं एक बार फिर, आपसे, वोकल फॉर लोकल का आग्रह दोहराऊंगा और वोकल फॉर लोकल का मतलब केवल मिट्टी के दीये खरीदना नहीं है, इसका विजन बहुत बड़ा है। हम अपने घर के लिए जो भी सामान खरीदते हैं, उसे एक बार जरूर देख लें कि वो भारत में बना हो।

## एमएलसी मुकुल यादव बने विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति के सभापति

- करहल-मैनपुरी में समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर, बधाइयों का लगा तांता

टीएनएफ टुडे, करहल।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद में क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाने वाले एमएलसी मुकुल यादव को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति का सभापति बनाए जाने पर करहल क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके मनोनयन को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए शुभचिंतकों, इष्टमित्रों और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

एमएलसी मुकुल यादव लगातार क्षेत्र की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को विधान परिषद के पटल पर प्रभावी ढंग से उठाते रहे हैं। समिति का सभापति बनाए जाने के बाद समर्थकों का कहना है कि इससे क्षेत्र की समस्याओं को शासन और सदन तक और अधिक मजबूती से पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

मुकुल यादव को नई जिम्मेदारी मिलने की जानकारी मिलते ही करहल क्षेत्र में उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने खुशी जताई। लोगों ने इसे उनके राजनीतिक जीवन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष चंद्र यादव, पूर्व प्रधानाचार्य नरेश चंद्र भटेले, नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल नईम, ब्लॉक प्रमुख नीरज यादव, ब्लॉक प्रभारी ब्रज कुमार यादव, सत्य प्रकाश यादव एडवोकेट, जितेंद्र यादव, डिंपल, इंद्रपाल सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य पद के दावेदार रामपाल यादव, जिला पंचायत सदस्य अवनीश यादव, पूर्व सभासद आजम खान, सभासद मोहम्मद अकरम उर्फ बबलू भाई, सपा नेता महेश बाबू, एड जुबैर अहमद, राजीव यादव, सुमेरु जैन, जितेंद्र यादव अहलादपुर, प्रधान संजीव यादव विरसिंहपुर सहित तमाम लोगों ने एमएलसी मुकुल यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



समर्थकों ने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद एमएलसी मुकुल यादव क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए और प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

## नासा का रोमन स्पेस टेलीस्कोप लॉन्च: खोजेगा ब्रह्मांड के छिपे अनोखे गहरे राज

एजेंसी, नई दिल्ली।

अमेरिका के केप केनावेरल स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से रविवार की सुबह नासा का नया और बेहद खास 'रोमन स्पेस टेलीस्कोप' सफलतापूर्वक लॉन्च हो गया। करीब 4.3 बिलियन डॉलर (लगभग 36 हजार करोड़ रुपये) की लागत से तैयार इस टेलीस्कोप को स्पेसएक्स के शक्तिशाली 'फाल्कन हैवी' रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया।



### 16 लाख किलोमीटर दूर 'वेब टेलीस्कोप' के पास बनेगा ठिकाना

इस टेलीस्कोप को पृथ्वी से लगभग 16 लाख किलोमीटर (10 लाख मील) दूर स्थित एक खास ऑब्जर्वेशन पॉइंट पर तैनात किया जाएगा। यह वही जगह है जहां नासा का प्रसिद्ध 'वेब स्पेस टेलीस्कोप' पहले से काम कर रहा है। बस के आकार के इस टेलीस्कोप को अपनी मंजिल तक पहुंचने में लगभग तीन महीने से ज्यादा का समय लगेगा।

### हबल से 100 गुना बड़ा विजन, चुटकियों में समेटेगा ब्रह्मांड

नासा की साइंस मिशन डायरेक्टर निक्की फॉक्स के मुताबिक, रोमन टेलीस्कोप की देखने की क्षमता हबल टेलीस्कोप से 100 गुना ज्यादा चौड़ी है। जो काम हबल टेलीस्कोप को करने में 100 साल लगते, रोमन टेलीस्कोप उसे महज एक महीने में पूरा कर लेगा। यह टेलीस्कोप हजारों सुपरनोवा, अरबों आकाशगंगाओं और अनगिनत तारों की खोज बेहद सटीकता से करेगा।

## लोक संस्कृति को जीवित रखने का उपाय है लोकगीत: प्रो. उमापति दीक्षित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

देवनागरी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था आगरा के तत्वावधान में "हृदयंग 104" के रसानंद में कंठोष्ठ्य लोकगीतोत्सव का आयोजन निखिल बुक कैफे भावना मल्टीप्लैक्स सिकंदरा बोदला पर बड़े ही गरिमामयी ढंग से संपन्न हुआ। माँ शारदे की वंदना और दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

कार्यक्रम सभापति प्रो. उमापति दीक्षित ने कहा कि विलुप्त हो रही लोक संस्कृति को जीवंत रखने का एक मात्र उपाय हैं लोकगीत। जिन्हें आज के साहित्यकारों को पुनः लोकगीतों के लेखन में जुटना होगा। दीप प्रज्वलन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार धीरज शर्मा ने कहा कि वर्तमान में लोकगीत लेखन की नितांत आवश्यकता है। क्यों लोकगीत हमारे देश की विरासत का एक प्रामाणिक दस्तावेज हैं। इनको बचाए रखना आज की पीढ़ी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम संरक्षक कवि डॉ.यशोयश ने कहा कि लोकगीत पुरातन काल से ही भारत की माँटी को महकाते रहे हैं। सौंधी-सौंधी सुगंध के स्रोत होते हैं लोकगीत। जिन्हें हम लिखने-पढ़ने-सुनने में स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं।





सभा अध्यक्षा डॉ. रेखा कक्कड़ ने कहा कि लोकगीत हमारी ब्रज संस्कृति के विशुद्ध परिचायक हैं। लोकगीत में लेखन अपने आप में एक अनूठी विधा है, जिसका हम साहित्य-कला प्रेमियों को सम्मान करना चाहिए। आशीर्वचन देते हुए कवि सम्राट डॉ. राजेन्द्र मिलन ने कहा कि लोकगीत लेखन से साहित्य जगत को आक्सीजन देने का काम करते हैं। निःसंदेह लोकगीतों पर देवनागरी संस्था द्वारा किए ऐसे कार्यक्रमों की पुनरावृति होती रहनी चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. ब्रज बिहारी लाल बिरजू ने कहा कि लोकगीतों में ब्रजरज से ओतप्रोत स्थानीय रसिया, मल्हार लोकलेखन का एक अलग ही महत्व है। विशिष्ट अतिथि कंठकोकिला निशिराज ने कहा कि लोकगीत के साथ लोकसंगीत की जुगलबंदी बहुत ही सरहानीय है जो हमारी लोकसंस्कृति की संवाहक है। आंमंत्रित अतिथिगण और कवि-कवयित्रियों का स्वागत सम्मान और धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम संयोजक अंकुर अनजान ने किया। कार्यक्रम का गौरवपूर्ण संचालन कवयित्री पदमावती ने किया। सुमधुर काव्य-पाठ करने वालों में डॉ.यशोयश, अंकुर अनजान, डॉ.राजेन्द्र मिलन, डॉ.ब्रज बिहारी लाल 'बिरजू', रमा वर्मा, डॉ.सुषमा सिंह, आरती शर्मा, डॉ.सुकेसिनी दीक्षित, डॉ. राजीव शर्मा निस्पृह, रामेन्द्र कुमार शर्मा, प्रभुदत्त उपाध्याय, उमाशंकर पाराशर, अशोक गोयल, राम अवतार शर्मा, इंदल सिंह 'इंदु', विनय बंसल, डॉ. असीम आनंद, रामेश्वर दयाल, संजय दीक्षित ने अपनी-अपनी रचनाओं से लोकगीतोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## '2014 से पहले मर्यादा थी, अब सिर्फ नफरत': खडसे का छलका दर्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में कभी प्रमुख स्थान रखने वाले वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे ने राज्य के बिगड़ते राजनीतिक माहौल पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अपने 75वें जन्मदिन के मौके पर जलगांव में समर्थकों को संबोधित करते हुए खडसे ने कहा कि राजनीति का मतलब केवल सत्ता हासिल करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें आपसी रिश्तों और सामाजिक सौहार्द की हिफाजत जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि साल 2014 से पहले की राजनीति में वैचारिक मतभेदों के बावजूद एक-दूसरे के प्रति सम्मान और मयार्दा बनी रहती थी।

खडसे ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि 2014 से पहले महाराष्ट्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच एक बेहतरीन और सौहार्दपूर्ण रिश्ता हुआ करता था। नेता एक-दूसरे की आलोचना तो करते थे, लेकिन बात कभी व्यक्तिगत दुश्मनी तक नहीं पहुंचती थी। उन्होंने प्रमोद महाजन और गोपीनाथ मुंडे जैसे दिग्गजों का जिक्र करते हुए कहा कि उन नेताओं ने विपक्ष में रहते हुए भी कार्यकर्ताओं का मनोबल बनाए रखा और कड़ी मेहनत से पार्टी खड़ी की। खडसे के मुताबिक, आज जिस तरह निजी रिश्ते टूट रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है।

# विश्वास और मानवीयता का हो चिकित्सक-रोगी संबंध



टीएनएफ टुडे, आगरा।

दिव्य सेवा ट्रस्ट द्वारा होटल ओपल कोर्टयार्ड, सिकन्दरा में ह्यचिकित्सक-रोगी सम्बन्धह्य विषय पर सार्थक एवं विचारोत्तेजक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा जगत, समाजसेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि डॉ. पंकज नगाइच ने कहा कि चिकित्सक और रोगी के बीच विश्वास एवं संवाद चिकित्सा व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। रोगी की बात को धैर्यपूर्वक सुनना, उसकी स्थिति और भावनाओं को समझना तथा उसे उपचार के संबंध में उचित जानकारी देना चिकित्सकीय सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि चिकित्सा केवल रोग के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। मुख्य वक्ता डॉ. एके गुप्ता ने कहा कि चिकित्सक को रोगी की बीमारी के साथ-साथ उसकी चिंता, भय और मानसिक स्थिति को भी समझना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विजय पाल सिंह चौहान ने कहा कि चिकित्सक का व्यवहार रोगी के मनोबल को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सुरेश कुशवाह ने कहा कि कई बार संवाद की कमी से गलतफहमियां उत्पन्न होती हैं। मुख्य विचारक डॉ. डीवी शर्मा, स्वागताध्यक्ष डॉ. अलका सेन, संचालन संतोष कुलश्रेष्ठ, सचिव राकेश चन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे।

# पिटाई से आहत महिला ने की जान देने की कोशिश

टीएनएफ टुडे, बाह।

मई बटेश्वर गांव में रविवार की दोपहर 1 बजे पति की पिटाई के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में प्रीती फंदे पर लटकी मिली। चमरौआ गांव से पहुंचे पिता ने बेसुध हुई प्रीती को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां से एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर कर दिया। मायके वालों ने पहले भी कई बार पिटाई किए जाने की बात पुलिस को बताई है। शराब पीने पर टोकने पर मारपीट के बाद पति पर फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। प्रीती के भाई अरुण कुमार ने बताया कि 2010 में प्रीती की शादी मई बटेश्वर के शेर सिंह से हुई थी। दोनों के 2 बच्चे एक बेटा और एक बेटी है। पति ने पहले भी कई बार प्रीती के साथ मारपीट की थी। एक बार सिर फूटने पर अस्पताल में छोड़ कर भाग गया था। बाह पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

रविवार को राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की बैठक विधानसभा अध्यक्ष अमिता पचौरी के नेतृत्व में पैंतीखेड़ा क्षेत्र के जगदीश वाटिका में आयोजित हुई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंडित कशिश उपाध्याय ने कहा कि सवर्ण समाज का सम्मान आज के समय में कोई नहीं कर रहा है। एक तरफ सत्ताधारी पार्टी बीजेपी यूजीसी का कानून लाकर सवर्णों को कमजोर कर रही है। आने वाले समय में पार्टी पंचायत चुनाव में भी अपने प्रत्याशी उतारेगी। विधानसभा अध्यक्ष अमिता पचौरी ने कहा कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा समान अधिकार, सामाजिक न्याय और जनकल्याण के लिए संघर्ष कर रहा है।

भ्रष्टाचार, अन्याय, भेदभाव और शोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। सदस्यता ग्रहण करने के दौरान सबसे अधिक संख्या में भाजपा के पूर्व पदाधिकारी शामिल रहे। संगठन का विस्तार करते हुए करीब 50 नए सदस्यों एवं पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जितेन्द्र शर्मा को ब्लॉक प्रभारी फतेहाबाद, नवनीत शर्मा अध्यक्ष युवा मोर्चा, सचिन शर्मा किसान मोर्चा, देवेन्द्र शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष शमशाबाद, लोकेश शर्मा, नीरज सिंह, अमित शर्मा को सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री कार्तिकेय भारद्वाज, अरविंद कुमार, विश्वनाथ उपाध्याय, लाखाराम शर्मा, शीलू पूर्व प्रधान, कुलदीप, पप्पू, हरेन्द्र उपाध्याय, संतोष कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

# ससुरालियों ने घर बुलाकर बोला हमला

टीएनएफ टुडे, बाह।

- कोर्ट में चल रहे विवाद को सुलझाने के बहाने बुलाया
- युवक की लाठी-डंडों और सरिया से की जमकर पिटाई
- नगदी, जेवर, मोबाइल, बाइक छीनी, 6 पर प्राथमिकी

न्यायालय में चल रहे वाद के निपटारे के बहाने फोन कॉल कर बुलाए युवक की बर्बर पिटाई से शरीर पर नीले निशान देख पुलिस ने पत्नी समेत 6 ससुरालियों पर प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी में घायल ने ससुरालियों पर 35 हजार रुपये की नगदी, सोने के जेवर, बाइक, मोबाइल छीने जाने का आरोप लगाया है। नगला खंगर फिरोजाबाद के संजीव उर्फ मंडे ने बाह थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी के मुताबिक पत्नी शिवानी और उसका आगरा के न्यायालय में वाद चल रहा है। 26 अगस्त को शिवानी ने फोन कॉल पर राजीनामा करने के बहाने 35 हजार रुपये नगद, सोने की एक जंजीर, दो अंगूठी एवं न्यायालय के कागज लाने की मांग रखी। 27 अगस्त की शाम 4 बजे अपने गांव से बाइक से पत्नी की मांग के मुताबिक धनराशि, आभूषण, कागज लेकर ससुराल बटेश्वर पहुंचा। पहले से घात लगाए बैठे पत्नी शिवानी, ससुर टिंकू, सास मीरा, साले शिवा, आकाश, आकाश की पत्नी शिवानी ने मिलकर लाठी, डंडे, सरिया से हमला कर दिया। मारपीट से पूरे शरीर पर नीले निशान बन गये हैं। दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। उसके पास से नगदी, आभूषण, कागज, मोबाइल और बाइक छीन ली है।

28 अगस्त को बाह पुलिस ने घायल का मेडीकल कराया था। बाह से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया था। बाह पुलिस के मुताबिक संजीव उर्फ मंडे की तहरीर पर ससुर टिंकू, सास मीरा, साले आकाश, शिवा, पत्नी शिवानी, साले की पत्नी शिवानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# तमंचा, कारतूस सहित गिरफ्तार युवक को जेल भेजा

**एत्मादपुर।** थाना पुलिस ने बास वाला के पास से एक युवक को तमंचे और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक दीपू उर्फ देवेश (19 वर्ष) निवासी मोहल्ला सता बधेलान, थाना एतमादपुर को पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत हिरासत में ले लिया है। उपनिरीक्षक अंकित वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खदौली रोड की तरफ कुछ लड़के लड़ाई-झगड़ा करने के इरादे से बास वाला के पास इकट्ठा हो रहे हैं। उनमें से एक युवक के पास तमंचा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने दबिश दी। पुलिस को देखकर वहां मौजूद युवक भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा करके प्राइमरी स्कूल के पास युवक को पकड़ लिया। आरोपी ने बताया कि उसने यह तमंचा किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था और लड़ाई के दौरान दूसरे पक्ष को डराने के लिए लाया था।

# बस अड्डे पर मिला जहरखुरानी का शिकार युवक

टीएनएफ टुडे, बाह।

दिल्ली से घर के लिए बस में सवार होकर निकले आगरा के रामकेश शनिवार रात 8.30 बजे बाह के बस अड्डे पर सोते हुए मिले। जहर खुरानों ने उसे बेहोश कर 40 हजार रुपये एवं मोबाइल पार कर दिया था। दिल्ली से आगरा के लिए निकले रामकेश की मोबाइल लोकेशन बाह में मिलने पर परिवार के जानने वाले जरार के अजय सागर ने बिजौली के समाजसेवी अनुज खैर से तलाश करने के लिए संपर्क साधा।

अनुज खैर के मुताबिक लोकेशन स्थल पर रामकेश नहीं मिला, फिर उन्होंने एनजीओ एंग्री यूथ के वसीम पठान की मदद से खोजबीन शुरू की। तलाशते हुए बाह के बस अड्डे पर पहुंचे तो शनिवार रात 8.30 बजे रामकेश सोता हुआ मिला। उसके बाद रामकेश के परिजनों से संपर्क साधा, परिजन रात 11 बजे बस अड्डे पर पहुंचे। अनुज खैर के मुताबिक रामकेश को परिजन अपने साथ ले गये। तलाश करने के लिए उन्होंने समाज सेवियों का शुक्रिया अदा किया।

# लापरवाही पर 2 थानेदार लाइन हाजिर

- आगरा पुलिस कमिश्नर ने लिया बड़ा एक्शन
- 6 सिपाही निलंबित और कई थानेदार बदले गए

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने शनिवार रात आठ पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की। थाना सदर के प्रभारी निरीक्षक विजय विक्रम सिंह और जगनेर के निरीक्षक सुभाष चंद्र को लाइन हाजिर कर दिया। दोनों पर कार्य में लापरवाही के आरोप हैं। सदर में नंद प्लाजा में केबिन में युवक-युवतियां पकड़े गए थे। भ्रष्टाचार की शिकायत पर 6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। कई दरोगा के तबादले भी किए गए हैं।

सदर स्थित नंद प्लाजा में कैफे के अंदर मिनी मल्टी प्लेक्स में केबिन बनाकर युवक-युवतियों को घंटों के हिसाब से दिए जाते थे। एलआईयू की सूचना पर छापा मारा गया। 16 से अधिक युवक और युवतियों को पकड़ा गया था। मामले में दर्ज प्राथमिकी में पांच लोग नामजद किए। इसमें अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम की धारा भी लगीं। मामले में चौकी प्रभारी की रिपोर्ट को दरकिनार किया गया। कैफे को बंद नहीं कराया गया। इस मामले में एलआईयू से रिपोर्ट ली गई। सदर इंस्पेक्टर और एसीपी राम प्रवेश गुप्ता की भूमिका पर सवाल उठाए गए। इस पर इंस्पेक्टर विजय विक्रम सिंह पर कार्रवाई की गई। जगनेर इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र के खिलाफ भी कई शिकायतें थीं। अवैध परिवहन नहीं रुक रहा था। मामला पुलिस आयुक्त के पास पहुंचा था। उन्हें भी लाइन हाजिर किया गया। इसके साथ ही शासन की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं करने पर पुलिसकर्मियों को चिह्नित किया गया। जगनेर इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र के खिलाफ भी कई शिकायतें थीं। अवैध परिवहन नहीं रुक रहा था। मामला पुलिस आयुक्त के पास पहुंचा था। उन्हें भी लाइन हाजिर किया गया। इसके साथ ही शासन की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं करने पर पुलिसकर्मियों को चिह्नित किया गया। इंस्पेक्टर अपराध जगनेर विजेंद्र सिंह, जगनेर के ही सिपाही अंकित कुमार, थाना डौकी के सिपाही राजीव पाराशर, थाना बमरौली कटारा के हेड कांस्टेबल राशिद अली, थाना किरावली के सिपाही संचित और एसीपी खेरागढ़ कार्यालय के सिपाही धर्मेंद्र सिंह को निलंबित किया गया।

# किरावली: जलकुंभी में फंसकर 18 भैंस मरी

टीएनएफ टुडे, किरावली।



क्षेत्र के ग्राम चैंकोरा में शनिवार को खारी नदी के समीप पशुओं को चराने के दौरान जलकुंभी में फंसने से 18 दुधारू भैंस मर गईं। घटना की सूचना पर सांसद राजकुमार चाहर ने रविवार को मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित पशुपालक परिवारों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा हर संभव सहायता का भरोसा दिया।

सांसद राजकुमार चाहर ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों, पीएसी टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। अब तक 18 में से 8 मृत भैंसों को बाहर निकाला जा चुका है।जबकि शेष को निकालने के प्रयास जारी हैं।

उन्होंने मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी किरावली, एसीपी अछनेरा, थाना पुलिस, पशु चिकित्सकों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने तथा पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इस दुःखद घटना में ग्राम चैंकोरा निवासी कमल बघेल की 12 तथा वीरेंद्र सिंह बघेल की 6 दुधारू भैंसों की क्षति हुई है। सांसद ने कहा कि यह पशुपालकों के लिए अत्यंत पीड़ादायक घटना है। इससे उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार की ओर से पीड़ित पशुपालकों को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

# यूजीसी के खिलाफ आंवलखेड़ा में हुंकार कल

टीएनएफ टुडे, एत्मादपुर (आगरा)।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रस्तावित नियमों के विरोध में क्षत्रिय समाज पूरी तरह लामबंद हो गया है। आगरा के आंवलखेड़ा स्थित श्री बाके विहारी फार्म हॉउस में समाज की एक महाबैठक आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर यूजीसी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और नियमों को तुरंत वापस लेने की मांग की। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जब तक सरकार और यूजीसी इन विवादित नियमों को वापस नहीं लेते, तब तक उनका आंदोलन थमने वाला नहीं है। अपनी आवाज बुलंद करने और मांगों को मनवाने के लिए क्षत्रिय समाज ने क्षेत्र में एक विशाल बाइक मार्च निकालने का ऐलान किया है।

समाज के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि इस लड़ाई को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन मयंक परमार, हुकुम सिंह चाहर और वीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। आंदोलन की रणनीति तैयार करने के लिए आयोजित इस बैठक में शिवराज सिंह परमार, पूर्व प्रधान आज की सभा के आयोजन गजेंद्र परमार मयंक परमार गौरव राघव पंकज चौहान और क्षेत्र के सभी युवा साथीमुन्नालाल, अंशुमान शास्त्री, गजेंद्र सिंह परमार, सरपंच मुकेश, पूर्व प्रधान बंटी चौहान, पूर्व प्रधान बालाजी, कौशलेंद्र सिंह, लाल कुमार, रामू परमार, शीशपाल मास्टर, गुरदयाल सिंह और रामेश्वर धाकरे, अंशुमन ठाकुर सहित समाज के कई गणमान्य लोग और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## लंबी कूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम खम

**फतेहपुर सीकरी।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जहाँपुर में बिल्ड फॉर सक्सेस डिग्री कॉलेज की पहल पर युवाओं को खेलों से जोड़ने और ग्रामीण क्षेत्र में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करीब 200 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दूर-दूर से पहुंचे प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों का उत्साह भी देखने लायक रहा।

## महिला को पीटने में दो पाबंद

**बाह।** कस्बे के तकिया शहर में महिला ने अपने ही दो भतीजों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायल का मेडीकल कराने के साथ ही दोनों आरोपी गिरफ्तार किए हैं। तकिया शहर बाह की पूजा ने पुलिस को बताया कि शनिवार की रात भतीजे राहुल और आकाश ने घरेलू विवाद में गाली गलौज के विरोध पर उसके साथ मारपीट कर दी। परिवार और पड़ोस के लोगों ने उसको बचाया। बाह पुलिस ने घायल पूजा का मेडीकल कराया था। रविवार को दोनों भतीजों राहुल और आकाश को गिरफ्तार कर लिया। बाह पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार दोनों सगे भाइयों को शांतिभंग में पाबंद किया है।

# उफान के बाद थमा चंबल का वेग

टीएनएफ टुडे, बाह।

- तटवर्तीय गांवों के लोगों ने ली राहत की सांस
- नदी किनारे के खादर में आ सकते हैं मगरमच्छ
- वन विभाग ने अलर्ट जारी कर किया सावधान

उफान के बाद चंबल के थमने से नदी किनारे के 38 गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है। शनिवार को महज 12 घंटे में नदी का जलस्तर 112 मीटर से बढ़ कर 117.40 मीटर हो गया था। 5.40 मीटर की जलवृद्धि से नदी के तटवर्तीय गांवों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया था। नदी का चेतावनी स्तर 127 मीटर तथा खतरे का स्तर 130 मीटर पर है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश में हुई बारिश के चलते बाह में जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण चिंतित हो उठे थे। रविवार सुबह तक नदी का जलस्तर थमा रहा। शाम को 1.40 मीटर की गिरावट के साथ जलस्तर 116 मीटर रह गया है। रेहा के प्रधान अजय कौशिक, सिमराई के प्रधान जयवीर सिंह, भगवानपुरा के प्रधान बच्छराज सिंह ने बताया कि रविवार को जलस्तर में गिरावट के साथ ही चंबल नदी में बाढ़ का खतरा टल गया है। महज 12 घंटे में 5.40 मीटर जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण रात भर परेशान रहे थे। चंबल नदी राजस्थान से सटे रेहा से लेकर इटावा से लगे उदयपुर खुर्द तक अपने पेटे में बह रही है। नदी से जुड़ने वाले निचले इलाके के खादरों में पानी भर गया था, हटने लगा है। बाह के रेंजर कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि नदी का जलस्तर बढ़ने से मगरमच्छ आदि जलीय जीव किनारे के खादर में आ सकते हैं, वन विभाग निगरानी रख रहा है। नदी क्षेत्र में ग्रामीणों को खुद एवं पशुओं को ले जाने से बचने के लिए जागरुक किया जा रहा है। बाह के एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि चंबल नदी का जलस्तर बढ़ा था, प्रशासन नजर रखे है। जलस्तर में गिरावट दर्ज हुई है। फिर भी तटवर्तीय ग्रामीणों को नदी किनारे न जाने की हिदायत दी गई है।



## नगदी, जेवर से भरा पर्स पुलिस ने लौटाया

**बाह।** बासौनी में भाई के घर के रास्ते पर बाइक सवार बहन का नगदी, जेवर समेत पर्स गिरने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाई और पर्स को ढूंढकर महिला को लौटाकर उसके चेहर पर मुस्कान बिखेर दी। कसा गांव की संगीता 28 अगस्त को अपने भाई को राखी बांधने के लिए उमरैठा गांव आई थी। गांव के रास्ते पर उसका नगदी, जेवर से भरा पर्स गिर गया था। घर पहुंचने पर पर्स गिरने की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गये। परिजन तलाश कर रहे थे, बासौनी पुलिस को भी सूचना दी। जिस पर हरकत में आई पुलिस और ग्रामीणों ने रास्ते पर पर्स की खोजबीन की। आखिरकार पर्स मिल गया। बासौनी पुलिस के मुताबिक पर्स में मोबाइल फोन, सोने, चांदी के आभूषण एवं 7 हजार रुपये की नगदी रखी थी। पुलिस ने नगदी, जेवर आदि सामान समेत पर्स महिला को लौटा दिया। जिस पर उन्होंने पुलिस का शुक्रिया अदा किया।

## छापा मारकर 8 जुआरी पकड़े

**आगरा।** जुआ खेलने और अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के निर्देशन में सिकंदरा थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हार-जीत की बाजी लगा रहे आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। रामलाल वृद्ध आश्रम के पीछे स्थित जंगल में जुआरियों की महफिल सजी हुई थी। आरोपी यहां हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को इसकी सूचना मिलने के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 50,200 रुपये की नगदी और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सिकंदरा पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## तीन ज़िंदगियां बचाने वाले दरोगा का स्वागत

एत्मादपुर (आगरा)। आगरा-फिरोजाबाद हाईवे पर एत्मादपुर क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहाँ एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार अचानक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुछ ही पलों में कार ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते वह आग का गोला बन गई। इस खौफनाक मंजर को देखकर हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया।पुलिस की जांबाजी से बची तीन जानेंधमाके और चीख-पुकार की आवाज सुनकर पास ही तैनात पुलिसकर्मी बिना एक पल गंवाए मौके पर दौड़े। कार धू-धू कर जल रही थी, लेकिन अपनी जान की परवाह न करते हुए जांबाज पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाई और कार में फंसे तीनों सवारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते की गई इस कार्रवाई की वजह से तीनों यात्रियों की जान बच सकी। घायल अवस्था में तीनों को तुरंत उपचार के लिए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। समाजसेवी सुनील कुमार ने कहा, "पुलिसकर्मी विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। आज हमारी पुलिस ने जो मानवीय संवेदनशीलता और बहादुरी दिखाई है, उसने खाकी का मान बढ़ाया है। ऐसे नेक कार्यों से जनता और पुलिस के बीच का विश्वास और मजबूत होता है।

## दूसरे दिन भी नहीं हुई युवक की पहचान

**फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के पास रविवार सुबह मिले अज्ञात युवक के शव के बारे में सीसीटीवी फुटेज में घटना से एक दिन पहले युवक घूमता नजर आया। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा 21 के पास लखनऊ से आगरा वाली लेन में 500 मीटर करीब दूर शव सड़क किनारे पड़ा मिला था तथा पुलिस की ओर से टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो उसमें किशोर घूमता घटना से एक दिन पहले नजर आ रहा है तभी वहां मौजूद कर्मचारियों ने पूछा तो किशोर ने बताया था कि उसकी बस आने वाली है उसे लखनऊ जाना है। प्रभारी प्रभारी फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि सोशल मीडिया व लखनऊ पुलिस को फोटो भेजकर मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## महिला के बैग से आभूषण गायब

**फतेहाबाद।** कस्बा फतेहाबाद में ऑटो में बैठी महिला के बैग से आभूषण चोरी हो गए पीड़ित ने थाने में तहरीर दी गई है, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। जावित्री देवी पत्नी सिंटू निवासी कल्याणपुर बटेश्वर थाना बाह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि अवंती चौक से ऑटो बैठी थी। ऑटो में पहले से ही दो अज्ञात महिला बैठी थी जब वर्मा पेट्रोल पंप के सामने पहुंची तो ऑटो चालक ने हमें जल्दी उतार दिया और वहां से चला गया नीचे उतरने के बाद जब अपना पर्स देखा तो तीन सोने की अंगूठी, एक चांदी की कमरबंद गायब थी। तभी जानकारी होने पर पीड़िता थाने पहुंची और घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया महिला स्पष्ट नहीं बता पा रही है। फिर भी आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया जा रहे हैं।

## महिला अचानक लापता, पति ने थाने में दी तहरीर

**फतेहाबाद।** कस्बा फतेहाबाद के अवंती चौक से रविवार दोपहर को महिला अचानक लापता हो गई पति ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। जितेंद्र पुत्र मुकेश निवासी नगला भिक्की थाना शमशाबाद ने थाना फतेहाबाद में तहरीर देकर बताया कि रविवार को 2:30 बजे के करीब अपनी पत्नी खुशबू के साथ अपनी ससुराल घिरोर जिला औरैया से टेंपो में अपने घर जा रहा था। तभी कस्बा फतेहाबाद के अवंती चौक पर एक मॉल के पास पहुंचे तो हम दोनों वहां रुक गए। मैं पानी लेने के लिए कुछ समय के लिए वहां से चला गया। जब वापस आया तो पत्नी खुशबू वहां नहीं मिली आसपास व रिश्तेदारियों में जानकारी की लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है वहीं पुलिस महिला की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

## एक्सप्रेसवे पर कार टकराई, महिला घायल

**फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार रात्रि में रफ्तार का कहर देखने को मिला। सिद्धार्थनगर से आगरा आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन में पीछे से जा घुसी। इस दौरान कार सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि चालक समेत पांच लोग बाल-बाल बचे। रविवार को कार चालक श्याम मोहन पाण्डे निवासी फगुआ, थाना जोगिया उदयपुर जिला सिद्धार्थ नगर साथ में कृष्णावती (52) पत्नी राजाराम पांडे ,रणजीत मिश्रा पुत्र भक्त नारायण पांडे, नेहा मिश्रा पुत्री राजाराम पांडे, अभिषेक पांडे, जागृत पांडे पुत्र राजाराम पांडे जो कि सिद्धार्थनगर से आगरा जा रहे थे तभी रात्रि में करीब 2:20 बजे जैसे ही कार थाना बमरौली कटारा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 4.100 पर पहुंची और कार की रफ्तार तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर आगे चल रहे अज्ञात वाहन से जा टकराई इस दौरान कार में बैठे लोगों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही यूपीडा टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। कार सवार गंभीर रूप से घायल कृष्णावती को आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

## झोंपड़ी में लगाई आग, महिला को पीटा

**बाह।** चित्राहाट के रानी का बाग गांव में शनिवार की शाम गाली गलौज के विरोध पर सुनीता देवी के साथ झगड़ा हुआ था। शनिवार की रात सुनीता देवी अपनी झोंपड़ी में सो रही थी। उसने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह 4 बजे पड़ोसियों ने झोंपड़ी पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। आग लगाने के बाद चारपाई पर सोते समय उसके साथ मारपीट कर दी। पिटाई पर शोर मचाए जाने पर जागी पुत्रवधू नीतू आई और उसकी जान बचाई। अन्य परिजन आए और नीतू के साथ मारपीट करने वाले पड़ोसियों को रोका तो वे भाग खडे हुए। परिजनों ने गली तक उनका पीछा किया। फिर 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। झोंपड़ी की आग को बुझाया। घायल सुनीता को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। एसओ चित्राहाट सुदामा लाल ने बताया कि घायल महिला का मेडीकल कराया है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ब्रेनबी नेशनल ओलम्पियाड में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## पहले चरण में यूपी, बिहार, पंजाब, झारखण्ड, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र में आयोजन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ब्रेनबी किड्स अकादमी की ओर से आयोजित ब्रेनबी नेशनल ओलम्पियाड की पूरे अगस्त माह में ओलम्पियाड के लिए 50 से अधिक ऑफलाइन परीक्षा तिथियां निर्धारित की गई हैं। जबकि ऑनलाइन परीक्षा अगस्त के प्रत्येक रविवार को आयोजित की जा रही है। पहले चरण का आयोजन उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र समेत देश के 7 राज्यों में आयोजित किया गया। इन राज्यों के विभिन्न शहरों से 25 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आगरा में शनिवार को बमरोली कटारा स्थित टीसा स्कुल में विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन परीक्षाओं का आयोजन



किया गया। परीक्षा में 5 से 15 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

ब्रेनबी की निर्देशिका सोनाली खंडेलवाल ने बताया कि ब्रेनबी नेशनल ओलम्पियाड राष्ट्रीय स्तर का यूनिक और क्रिएटिव ओलम्पियाड है। सामान्य प्रतियोगिताओं के मुकाबले इसमें अकादमिक के साथ-साथ बच्चों ने ड्राइंग एंड कलरिंग, हैंडराइटिंग, मेंटल मैथ, लॉजिकल रीजनिंग, स्पेल क्वेस्ट और जनरल नॉलेज सहित विभिन्न वर्गों में अपनी प्रतिभा दिखाई।

सोनाली खंडेलवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बरेली, गोरखपुर, लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज, अलीगढ़, गाजियाबाद, कानपुर, मुरादाबाद और मथुरा के बच्चे भी शामिल हुए।

आगरा सहित दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई, लखनऊ, मेरठ, मोहाली, हिंसार, रांची, पटना, जयपुर, मुरादाबाद व अन्य शहरों के हजारो बच्चे हुए शामिल हुए। देश के टॉप विद्यार्थियों को बीएसए साइकिल सहित टेबलेट, स्मार्ट वॉच, स्मार्ट फोन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 30 वर्गों में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान 5000 गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्रदान किए जाएंगे।

# उत्कृष्ट पुलिस व्यवस्था के लिए चौकी इंचार्ज सम्मानित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

शहर में 12 रबीउल अव्वल के मुबारक अवसर पर 26 अगस्त को रुनकता से बोदला तक निकाले गए जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान पुलिस द्वारा की गई उत्कृष्ट सुरक्षा एवं व्यवस्था की उत्तर प्रदेश मुस्लिम महापंचायत ने सराहना की।जुलूस के दौरान रुनकता चौकी इंचार्ज आशीष त्यागी द्वारा शांति व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर किए गए सराहनीय प्रयासों के लिए उन्हें प्रशंसा पत्र एवं सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मुस्लिम महापंचायत के जिला अध्यक्ष मुस्ताक कुरैशी और प्रदेश संगठन मंत्री आबिद कुरैशी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा जिम्मेदारी और सहयोग के साथ व्यवस्था संभालना समाज में शांति, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करता है। महापंचायत की ओर से चौकी इंचार्ज आशीष त्यागी एवं समस्त पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनके कर्तव्यनिष्ठा एवं सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गई।मौके पर महफूज अल्वी जिला सचिव, फरमान कुरैशी रुनकता अध्यक्ष मौजूद रहे।

# मेहंदी नाइट में डांडिया पर थिरकी महिलाएं

- जय झूलेलाल सेवा समिति ने कराया आयोजन
- तीज महोत्सव में महिलाओं ने खूब किया धमाल

टीएनएफ टुडे, आगरा।



हाथों में रची मेहंदी और दिलों में तीजड़ी पर्व की खुशियां। गीत संगीत की उमंग के साथ डांडिया और मनोरंजक खेलों का मेला। जय झूलेलाल सेवा समिति द्वारा कमला नगर स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में आयोजित तीजड़ी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित तीज महोत्सव में हर तरफ मस्ती और उल्लास के रंग बिखरे नजर आए। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, मेयर हेमलता दिवाकर व समाजसेवी डॉ. पद्मा विश्वानी ने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

तृतीय तीज महोत्सव के अंतर्गत ह्यतीजड़ी पर्व रंगारंग मेहंदी नाइटह्न का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर भाग लिया और मेहंदी, डांडिया सहित विभिन्न रंगारंग गतिविधियों का आनंद लिया। अतिथियों ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य तीज पर्व की परंपराओं और भारतीय संस्कृति से जुड़ी उत्सवधर्मिता को जीवंत बनाए रखना रहा। मेहंदी नाइट में आकर्षक मेहंदी लगाने की व्यवस्था की गई, जहां प्रतिभागियों ने हाथों पर सुंदर डिजाइनों से पर्व की खुशी को अभिव्यक्त किया। डांडिया की रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। संगीत की धुनों पर महिलाओं ने समूह में डांडिया खेलकर खूब आनंद लिया। सेल्फी प्वाइंट पर प्रतिभागियों ने यादगार तस्वीरें खिंचवाईं, जबकि फन गेम्स ने बच्चों से लेकर महिलाओं तक सभी का मनोरंजन किया। सिंधु साहित्य मण्डल के अध्यक्ष रामचंद्र छाबड़िया व कमल छाबड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुष्पा गुप्ता, सुनीता छाबड़िया, मधु माखीजा, आशा माखीजा, रोशनी पंजवानी, रेखा कटारिया, जानवी सावलानी, रितु नानकवानी, अंजू दियालानी, वंदना तेजानी, अभीलाशा छाबड़िया, महेंद्र कौर, पूजा भोजवानी, दिव्या मुलानी, भारती हंसानी, रिया पंजवानी, विनीता कामरा, जय करीरा, पार्षद पूजा बंसल, डॉ पद्म विश्वानी, अमृत माखीजा, भजन माखीजा, कपिल पंजवानी, राकेश कटारिया, सुखदेव नानकवानी, पंकज सावलानी, महेश सोनी सहित अनेक सदस्यों की सहभागिता रही।

# टोरंट कर्मियों ने बांटा रक्षाबंधन का स्नेह



टीएनएफ टुडे, आगरा।

- रामलाल वृद्धाश्रम में कर्मियों और उनके परिवार नेबुजुर्गो को राखी बांधी

रक्षाबंधन पर्व पर रामलाल वृद्धाश्रम में रविवार को रिश्तों की गर्माहट और अपनत्व की भावुक तस्वीर देखने को मिली। यहां अपनों से दूर रह रहे बुजुर्गों के बीच पहुंचकर टोरंट पावर लिमिटेड के कर्मचारियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। टोरंट पावर की महिला कर्मचारियों ने जहां बुजुर्गो को रक्षासूत्र बांधा और मिठाई खिलाई।

वहीं, पुरुष कर्मचारियों ने आश्रम की बुजुर्ग महिलाओं से राखी बंधवाई।? इस दौरान कई बुजुर्ग भावुक हो उठे। उनकी आंखें नम हो गईं।

टोरेंट पावर लिमिटेड आगरा के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश करते हुए रामलाल वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के साथ त्योहार मनाया। टोरंट पावर के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने वरिष्ठजनों के बीच समय बिताकर उन्हें अपनत्व का अहसास कराया और मिठाइयां बांटकर रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए।इस दौरान वरिष्ठजनों ने टोरंट पावर के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को आशीर्वाद दिया और उनके इस अनूठे प्रयास व नियमित सहयोग की सराहना की।

# बालयोगी ने जलभराव के बीच चलाई नाव

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- क्षेत्रीय विधायक पर साधा निशाना, सुनाई खरीखोटी
- बोले- विधायक का नाम छोटे, काम उतने ही खोटे
- 800 करोड़ रुपये के बजट का लिया जाएगा हिसाब



रविवार सुबह बालयोगी गांव मेवली खुर्द पहुंचे। यहां पर लंबा समय से जलभराव की समस्या है। बालयोगी ने गली में भरे पानी में नाव चलाई। ग्रामीण भी उनके साथ पानी में खड़े थे। बालयोगी ने कहा कि भैया, नाव चल रही है गुर्जा गांव, मेवली खुर्द गांव में।

जिला पंचायत पर इन गांवों के विकास के लिए 800 करोड़ रुपए आए हैं। मगर, विकास तो भूल जाओ, जो 2 महीना पहले बारिश हुई उसका पानी आज तक सड़कों से नहीं निकला है। गांव के लोग बच्चे, बड़े-बूढ़े और महिलाओं को निकलना मुश्किल है। रोजाना अपनी जिंदगी अंधकार में डाल के यहां से निकलते हैं। बालयोगी ने क्षेत्रीय विधायक छोटेलाल वर्मा पर निशाना साधा। उन्होंने कहाकि यहां के विधायक विकास की बात करने पर शोकसभा में भी गाली दे देते हैं। उनका नाम छोटे है, लेकिन काम उतने ही खोटे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि गुर्जा के प्रधान और विधायक तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो आंदोलन किया जाएगा। 800 करोड़ रुपए बजट के एक-एक रुपए का हिसाब लिया जाएगा। जनता पूछेगी कि कैस नेताओं के पेट्रोल पंप बन जाते हैं। चार दिन पहले ठार रामदास निवासी स्याहीराम की कुछ दिन पूर्व बीमारी से मौत हो गई थी। क्षेत्रीय विधायक छोटेलाल वर्मा परिवार को सांत्वना देने पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने विधायक के सामने रास्ता खराब होने की समस्या उठा दी। इस पर ही विधायक भड़क गए और ग्रामीणों में कहासुनी हो गई।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विधायक एक व्यक्ति से यह कहते नजर आ रहे थे कि आंखें क्यों निकाल रहा है। वो महिलाओं पर भी भड़कते दिखाई दे रहे थे।

# यूजीसी और आरक्षण के विरोध में धरना 5 से

**आगरा।** यूजीसी कानून की वापसी एवं आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर सवर्ण समाज की कोर कमेटी की बैठक न्यू आगरा में आयोजित हुई। बैठक में 5 सितंबर को प्रस्तावित अनिश्चितकालीन सत्याग्रह की तैयारियों और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्याग्रह संयोजक अरुण उपाध्याय ने बताया कि सवर्ण समाज अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए 5 सितंबर को शहीद स्मारक, संजय प्लेस, आगरा पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि यह सत्याग्रह किसी जाति, धर्म या राजनीतिक दल के विरोध में नहीं है। बल्कि सवर्ण समाज की मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुंचाने का प्रयास है। मुन्ना मिश्रा ने कहा कि आरक्षण व्यवस्था जातिगत आधार के बजाय आर्थिक आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए, ताकि इसका लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद और गरीब लोगों तक पहुंच सके। बैठक में अरुण उपाध्याय, मुन्ना मिश्रा, रोहित कटारा, प्रधान महेश शर्मा, खेमचंद शर्मा, आचार्य राहुल रावत, कशिश उपाध्याय, रिंकू पाराशर, राहुल बिष्ट, राजा कुशवाह, हिमांशु, विनोद गगाचार्य आदि उपस्थित रहे।



# विशेष कीर्तन दरबार में निहाल हुई संगत

## गुरु ग्रंथ साहिब के संपूर्णता दिवस पर गूंजी गुरबाणी



टीएनएफ टुडे, आगरा।

गुरु ग्रंथ साहिब जी के संपूर्णता दिवस के पावन अवसर पर रविवार को गुरुद्वारा दशमेश दरबार,विभव नगर,शहीद नगर में विशेष कीर्तन दरबार श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ सजाया गया। सुबह अमृतवेले से ही गुरुद्वारा साहिब में साध-संगत का पहुंचना शुरू हो गया। गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हजूरी में संगत ने शीश नवाकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कीर्तन दरबार की आरम्भतासुखमनी साहिब,जपजी साहिब एवं चौपाई साहिब के पाठ के श्चात विशेष कीर्तन दरबार में हजूरी रागी भाई हरजिंदर सिंह एवं कीर्तनीय भाई गुरशरण सिंह (बब्बू वीर) ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरबाणी की मधुर धुनों से पूरा गुरुद्वारा परिसर भक्तिमय हो उठा और संगत गुरु की आस्था में लीन नजर आई। ज्ञानी मंशा सिंह एवं मनदीप सिंह ने गुरु महाराज के समक्ष अरदास की तथा हुकमनामा लिया। संगत ने श्रद्धा और भाव के साथ हुकमनामा श्रवण कर गुरु की पावन शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्रधान हरपाल सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का संपूर्णता दिवस सिख समाज के लिए श्रद्धा, गौरव और आध्यात्मिक चेतना का पावन अवसर है। गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाएं समूची मानवता को सत्य, सेवा, प्रेम,समानता और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। गुरु की बाणी मनुष्य को अहंकार से दूर रहकर मानव सेवा और परोपकार के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के दौरान गुरु का अटूट लंगर भी वरताया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साध-संगत ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में सेवा, श्रद्धा और भाईचारे का भाव देखने को मिला। मुख्य रूप से बीबी अमरजीत कौर, प्रधान हरपाल सिंह, राजू सलूजा, मलकीत सिंह, श्याम भोजवानी, गुरेंदर सिंह ओबरोय, सुरेंद्र सिंह लवली, इन्दरजीत सिंह वाधवा, सुरेन्दर सिंह लाडी,हरजिंदर सिंह,हरजीत सिंह भसीन मंशा सिंह, मनदीप सिंह, कृपाल सिंह, सनी सिंह,माधव धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

# बेटियों को मायके की तरह पूछा हाल

- भारत विकास परिषद संस्कार शाखा के तीज उत्सव एवं कृष्ण जन्मोत्सव में दिखी संस्कृति और अपनत्व की झलक

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भारत विकास परिषद संस्कार शाखा की ओर से रामलीला ग्राउंड स्थित श्रीराम हनुमान मंदिर में तीज उत्सव एवं कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक डॉ. केशव दत्त गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक राधा रामप्रकाश गुप्ता और रागिनी अतुल कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अध्यक्ष मनोज अग्रवाल पॉली भाई ने बताया कि कार्यक्रम को दो सत्रों में विभाजित किया गया। प्रथम सत्र में हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। संस्कार शाखा के माध्यम से जिन बेटियों के विवाह कराए गए थे। उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बेटियों से मायके की तरह आत्मीयता से उनकी कुशल-क्षेम पूछी और उनके सुख-दुख तथा पारिवारिक जीवन की जानकारी ली। इस दौरान बेटियों के साथ आत्मीय संवाद ने कार्यक्रम को भावुक और यादगार बना दिया। सावन पर तीज उत्सव के दौरान शाखा की महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। महिलाओं ने तीज के उल्लास, लोक संस्कृति और पारंपरिक रंगों को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया।

सचिव इंजीनियर प्रशांत अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र बंसल ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। राधा-कृष्ण की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कान्हा के जन्मोत्सव की खुशियों के बीच महिलाओं ने बारी-बारी से झूले में विराजमान बाल गोपाल को झुलाया और भक्ति भाव के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। मंदिर परिसर में भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में रामलीला में दशरथ के स्वरूप संजय सिंघल और कौशल्या के रूप में नीता सिंघल का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर अजय अग्रवाल, सोम मित्तल, अभिषेक गोयल, जतिन अग्रवाल, खेमचंद अग्रवाल, मनीष बंसल, अतुल गुप्ता, संजय गुप्ता, तपन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विजय मोहन गुप्ता, यतेंद्र गर्ग, अशोक गुप्ता, रंजन अग्रवाल, नीमेष अग्रवाल, पवन अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, संजय बंसल, योगेश, निहारिका, सारिका, योगिता, उषा, संगीता, नीतू, रोली, रश्मी, मेघा, राधा, उपमा, अनु आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय हाकी प्रतियोगिता का फाइनल आज

## फाइनल में भिड़ेंगे स्टेडियम इलेविन और कैंट इंटर कालेज

टीएनएफ टुडे, आगरा।

खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन,आगरा के संयुक्त तत्वावधान में हाकी के महान खिलाड़ी स्व. मेजर ध्यानचंद की जयन्ती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रमों के अन्तर्गत 30 अगस्त को खेलो का उद्घाटन संजय शर्मा, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने किया।

14 वर्षीय बालकों की स्कूली हाकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैचों में पहला सेमीफाइनल मैच पुलिस मॉडर्न स्कूल बनाम स्टेडियम इलेविन के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम इलेविन की टीम ने पुलिस मॉडर्न स्कूल की टीम को 2-0हराया। स्टेडियम की ओर से अनुराग एवं धारा सिंह ने अपनी टीम के लिएं गोल किये। दूसरा सेमीफाइनल मैच कैण्ट इण्टर कालेज बनाम छावनी परिषद स्कूल की टीमों के मध्य खेला गया। जिसमें कैण्ट इण्टर कालेज ने छावनी परिषद को 1-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। कैण्ट इण्टर कालेज की ओर से अनुराग ने एक मात्र गोल किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 31 अगस्त को स्टेडियम इलेविन बनाम कैण्ट इण्टर कालेज के मध्य खेला जायेगा।निर्णायक की भूमिका प्रशांत शुक्ला, पूजा, आरती, आशा, विनय कुमार, फिरोज खान, शाहिद अंसारी, मधु ने निभाई।

वहीं, जिला स्तरीय टेबल-टेनिस प्रतियेगिता के बालक वर्गएकल में हर्षित धाकड़ (विजेता) एवं अनिकेत (उपविजेता) रहे। युगल



वर्ग में हर्षित धाकड़ एवं तनिष्क (विजेता) तथा मोहन एवं अनिकेत (उपविजेता) रहे। बालिका वर्गएकल में एकता (विजेता) तथा महक (उपविजेता) रही। युगल वर्ग में गौरवी एवं स्नेहा (विजेता) तथा दक्षिता एवं अंशिता (उपविजेता) रही। निर्णायक साहिल कुमार, वैभव पटेल, हर्षित, वेद यादव एवं रिषभ विश्कर्मा रहें।

जिला स्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता बालक वर्ग में फ्लोर एक्सरसाईज नवीन (प्रथम), रिषभ यादव (द्वितीय), कार्तिक सिकरवार (तृतीय) रहे। पामेल हार्स वरदान राठी (प्रथम), अथर्व श्रीवास्तव (द्वितीय)एवं ओजस्वी शर्मा (तृतीय) रहे। स्टील रिंग्स अनमोल (प्रथम), धैर्य शिवहरे (द्वितीय)एवं दर्श गुप्ता (तृतीय) रहे। वाल्टिंग टेबल- भविष्य (प्रथम), साहिल कुमार (द्वितीय) एवं कार्निक जैन (तृतीय) रहे। पैरललवार्स रजनीश चौहान (प्रथम), प्रणव सेंगर (द्वितीय) एवं धृतिक (तृतीय) रहे। होरीजेण्टल बार- नवीन (प्रथम), सुमित सिकरवार (द्वितीय)एवं दक्ष गर्ग (तृतीय) रहे। बालिका वर्गफ्लोर एक्सरसाईज मिस्टी चौधरी (प्रथम), कामाक्षी (द्वितीय)एवं मिसिता (तृतीय) रहे। अनईवन बार्स - आराध्या (प्रथम), उत्कृष्टा (द्वितीय) एवं छानी (तृतीय)। वाल्टिंग टेबल- अनिका (प्रथम), आराध्या पासवान (द्वितीय) एवं अविका (तृतीय)। बैलेसिंग बीम- मानवी (प्रथम), अंशिका चौधरी (द्वितीय)एवं नित्या (तृतीय) रहे। निर्णायक राजेश यादव, जावेइ, रामप्रवेश दुबे, अभय, केशव रहे।इसके अतिरिक्त स्टेडियम में फुटबाल, बास्केटबाल, बैडमिण्टन सहित विभिन्न खेलों के मैत्रीय मैचों का भी आयोजन किया गया।

हाकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच एवं समस्त खेलों का पुरस्कार वितरण 31 अगस्त को सायं 4 बजे किया जायेगा।


**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# भारत-चीन संबंधों की नई करवट

भारत-चीन संबंधों का सबसे कठिन दौर वर्ष 2020 में गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद आया। चार वर्षों तक सीमा पर सैन्य तनाव बना रहा। अक्टूबर 2024 में दोनों देशों के बीच सैनिकों की पूर्ण वापसी और संबंधित विवादों के समाधान के बाद संबंधों को धीरे-धीरे पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू हुई। उसी वर्ष कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात में दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति तथा मतभेदों को संबंधों की समग्र दिशा को प्रभावित न करने देने पर जोर दिया था। यही वह बिंदु था जहां डोभाल की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई। दिसंबर 2024 में विशेष प्रतिनिधि स्तर की बातचीत से शुरू हुई प्रक्रिया अब 25वें दौर तक पहुंची है। इस बार आठ बिंदुओं पर बनी सहमति संकेत देती है कि बातचीत केवल औपचारिकता नहीं रह गई है। सीमा निर्धारण और सीमा प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों को सक्रिय करना, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गलतफहमी रोकने के लिए मौजूदा सैन्य एवं कूटनीतिक माध्यमों का उपयोग और नए संपर्क तंत्र बनाना व्यावहारिक विश्वास निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत-चीन संबंध केवल सैनिक चौकियों और राजनयिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं। दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क भी रहा है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा की पुनर्बहाली और विस्तार, सीमा व्यापार मार्गों को फिर खोलना तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। 2026 में कैलाश-मानसरोवर यात्रा लिपुलेख और नाथू ला, दोनों मार्गों से संचालित हुई है। 25वें दौर की वार्ता में तीन निर्धारित सीमा व्यापार केंद्रों को फिर खोलने की प्रगति का स्वागत किया गया तथा व्यापार और तीर्थयात्रा को और मजबूत करने पर सहमति बनी। यह छोटा कदम नहीं है। सीमा पर सैनिकों की संख्या घटाना एक सुरक्षा उपाय है, लेकिन सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों के लिए व्यापार और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाना दीर्घकालिक शांति की सामाजिक नींव तैयार करता है। शी जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा एक अवसर भी है, परीक्षा भी है। इसी पृष्ठभूमि में 12-13 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर पूरी दुनिया की नजर है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा की संभावना जताई जा रही है। यदि यह यात्रा होती है तो यह सात वर्षों में उनकी पहली भारत यात्रा होगी। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार उनके साथ लगभग चार सौ अधिकारियों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी आ सकता है। हालांकि 27 अगस्त तक चीन की ओर से उनकी यात्रा की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए शी की संभावित यात्रा को केवल एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी नहीं माना जाना चाहिए। यह भारत-चीन संबंधों की वास्तविक दिशा को परखने का अवसर हो सकती है। वर्ष 2019 का चेन्नई संवाद अपेक्षाकृत सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ था, लेकिन उसके एक वर्ष बाद गलवान ने संबंधों को गहरे संकट में डाल दिया। अब यदि शी नई दिल्ली आते हैं तो दोनों देशों के पास उस टूटे हुए विश्वास को सावधानी से जोड़ने का अवसर होगा। लेकिन भारत को उत्साह में अपनी मूल सुरक्षा चिंताओं को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे, सीमा निर्धारण का लंबित प्रश्न और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पारदर्शिता जैसी चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। इसलिए भारत की नीति मित्रता की आकांक्षा, लेकिन राष्ट्रीय हितों पर कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। डोभाल की विशेषता यही है कि वे संवाद को कमजोरी नहीं बनने देते और शक्ति को टकराव का पर्याय भी नहीं बनाते। उनकी कूटनीति में संदेश स्पष्ट है-भारत शांति चाहता है, लेकिन अपनी सुरक्षा कीमत पर नहीं, सहयोग चाहता है, लेकिन समानता के आधार परय संबंध सुधारना चाहता है, लेकिन सीमा की वास्तविकताओं को भुलाकर नहीं। आज भारत-चीन संबंध जिस मोड़ पर खड़े हैं, वहां डोभाल की भूमिका संकटमोचक से आगे बढ़कर विश्वास-निमार्ता और सुरक्षा-आधारित कूटनीति के सूत्रधार की बनती दिखाई देती है। 25वें दौर की वार्ता में हुई आठ सूत्रीय सहमति इसका प्रमाण है कि कठिनतम मतभेदों के बीच भी संवाद के रास्ते खुले रखे जा सकते हैं। शी जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा इस प्रक्रिया को शीर्ष नेतृत्व की राजनीतिक दिशा दे सकती है। किंतु असली सफलता किसी एक शिखर बैठक की तस्वीर में नहीं, बल्कि सीमा पर स्थायी शांति, पारस्परिक विश्वास, व्यापारिक संपर्क और विवादों के न्यायसंगत समाधान में होगी। भारत को चीन से संबंध सुधारने हैं, लेकिन अपनी सामरिक स्वायत्तता और सुरक्षा-सजगता के साथ। डोभाल की कूटनीति का सार भी यही है-संवाद के दरवाजे खुले रहें, पर राष्ट्रीय हितों की चौखट कभी कमजोर न हो। यही दृष्टिकोण भारत-चीन संबंधों को टकराव से प्रतिस्पर्धी सह-अस्तित्व और अंततः स्थायी शांति की ओर ले जाने की सबसे व्यावहारिक राह बन सकता है। भारत और चीन के संबंधों में पिछले कुछ वर्षों की तल्खी के बाद अब संवाद, संयम और व्यावहारिक सहयोग का एक नया दौर दिखाई दे रहा है। इसे किसी अचानक आए परिवर्तन के रूप में नहीं, बल्कि सुरक्षा, कूटनीति और राष्ट्रीय हितों को साथ लेकर चलने वाली एक दीर्घकालिक प्रक्रिया के रूप में देखना चाहिए। इस बदलते परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनकर सामने आई है। 25 अगस्त को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई 25वें दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता ने इस प्रक्रिया को ठोस आधार दिया है। दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति बनाए रखने, सीमा निर्धारण की दिशा में शीघ्र एवं सार्थक प्रगति करने तथा सैन्य-द्विपक्षीय संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने पर सहमति बनाई है। डोभाल की बीजिंग यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह केवल सीमा विवाद पर बातचीत नहीं थी। यह उस व्यापक प्रश्न पर विमर्श था कि क्या भारत और चीन प्रतिस्पर्धा के बावजूद सह-अस्तित्व, स्थिरता और पारस्परिक हितों का रास्ता तलाश सकते हैं। दोनों देशों ने दो अतिरिक्त सैन्य संपर्क-बिंदु और पूर्वी तथा मध्य क्षेत्रों में दो अतिरिक्त सैन्य दूरभाष संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। सीमा व्यापार, कैलाश-मानसरोवर यात्रा और सीमा-पार सहयोग को भी आगे बढ़ाने का निर्णय हुआ है।

# जब पूरा हिंदुस्तान गाता था: दूरदर्शन के यादगार विज्ञापन जिंगल

बृज खंडेलवाल द्वारा




एक जमाना था जब हिंदुस्तान में टीवी का मतलब सिर्फ दूरदर्शन था। एक चैनल, एक आवाज, एक शाम। रिमोट का आतंक नहीं, मोबाइल की घंटी नहीं, रील्स-शॉर्ट्स नाम की कोई आफत नहीं। पूरा परिवार एक ही कमरे में बैठता था; कभी फर्श पर, कभी सोफे पर, और जब विज्ञापन आता तो कोई पानी लेने नहीं उठता था। कई बार विज्ञापन ही कार्यक्रम से ज्यादा याद रह जाते थे। सत्तर से अस्सी और नब्बे के दशक भारतीय टेलीविजन विज्ञापन का सुनहरा दौर था। केबल टीवी ने अभी दस्तक नहीं दी थी। इंटरनेट तो साइंस-फिक्शन की कहानी लगता था। विज्ञापन छोटे थे, मगर उनका असर लंबा। धुन सीधी थी, बोल आसान थे और संदेश सीधे दिल में उतर जाता था। आज के करोड़ों रुपये वाले विज्ञापन देखकर कभी-कभी लगता है, तब विज्ञापन बनाए जाते थे ताकि याद रहें; आज विज्ञापन बनाए जाते हैं ताकि 'क्रिएटिव' दिखें।

आइए, उन दिनों के कुछ दिलचस्प, यादगार जिंगल याद करें, और थोड़ी सी उनकी कहानी भी।

### निरमा : कानों में बस जाने वाला जिंगल

"Washing powder Nirma…दूध से सफेदी, निर्माण से आई,"

इसके आगे किसी परिचय की जरूरत नहीं। सफेद कपड़ों में घूमती लड़कियां, झाग और दूध जैसी सफेदी का दावा। मगर इसके पीछे एक असली अंडरडॉग कहानी थी। 1969 में गुजरात के एक लैब टेक्नीशियन करसनभाई पटेल ने साइकिल पर बैठकर घर-घर डिटर्जेंट बेचना शुरू किया। नाम रखा निरमा, अपनी बेटी निरुपमा के नाम पर। कीमत सिर्फ 3.50 रुपये किलो, जबकि सर्फ 13 रुपये पर बैठता था।

जिंगल पहले रेडियो पर 1975 में आया, फिर 1982 में टीवी पर। पूर्णिमा विज्ञापन एजेंसी ने उसे बनाया। 'हेमा, रेखा, जया और सुषमा सबकी पसंद निरमा', ये नाम सिर्फ नाम नहीं थे, वे हर भारतीय घर की औरतें थीं। मां गुनगुनाती थीं, बच्चे गुनगुनाते थे और पिताजी भी बोल भूलने का नाटक करते हुए पूरा जिंगल जानते थे। एक समय तो मांग इतनी बढ़ गई कि कंपनी ने जानबूझकर स्टॉक वापस खींच लिया। निरमा ने साबित किया कि विज्ञापन में शेक्सपियर नहीं चाहिए। एक आसान धुन, कुछ सीधे शब्द और भरपूर दोहराव, बस, काम तमाम।

### हमारा बजाज : मध्यमवर्ग का राष्ट्रगीत बना।

'बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर, हमारा बजाज।'

यह सिर्फ स्कूटर का विज्ञापन नहीं था। यह उभरते हुए भारतीय मध्यमवर्ग का सपना था। स्कूटर पर बच्चे, पत्नी, पति और कभी-कभी रिश्तेदार भी। वही स्कूटर दफ्तर जाता था, बच्चों को स्कूल छोड़ता था और रविवार को पूरा परिवार पिकनिक पर ले जाता था।

लिरिक्स जयकृष्ण रावत के, संगीत लुईस बैंक्स का (राग जयजयवंती में), निर्देशन सुमंत्र घोषाल का। लिंटास की टीम ने इसे इतना भावुक बनाया कि यह देशभक्ति का गान लगने लगा। बजाज ने वाहन नहीं बेचा। उसने आकांक्षा बेची, एक ऐसा भारत जहां आम आदमी भी 'बुलंद' महसूस कर सके।

लिरिल : झरने के नीचे आजादी

### 'ला ला ला ला. लिरिल।'

झरना, झाग, ताजगी और बेफिक्री। 1974-75 में एलिक पदमसी की टीम ने कोडाईकनाल के पंबर फॉल्स में एयर इंडिया की स्टुअर्डेस कैरेन लुनेल को झरने के नीचे खड़ा किया। ठंड में, बर्फीले पानी में। नतीजा? साबुन को नहाने की चीज से उठाकर आजादी और फ्रेशनेस का प्रतीक बना दिया। दिलचस्प बात यह कि जिंगल का मूल मेलोडी जर्मन साबुन ह्लफाह्व के विज्ञापन से प्रेरित था, मगर वानराज भाटिया ने उसमें भारतीय स्पर्श जोड़ दिया। नहाना अचानक एक रोमांचक अनुभव लगने लगा। विज्ञापन ने साबुन कम बेचा, कल्पना ज्यादा बेची।

### लाइफबॉय : सेहत की पहरेदारी

'तंदुरुस्ती की रक्षा करता है लाइफबॉय। लाइफबॉय है जहां, तंदुरुस्ती है वहां।'

सीधा, बिना फिल्मी ड्रामा। कीटाणुओं के खिलाफ मोर्चा खोलो और साबुन का इस्तेमाल करो। गंदे मैदान में खेलते बच्चे, पसीने से लथपथ खिलाड़ी, फिर लाइफबॉय। न कोई लंबी कहानी, न मनोवैज्ञानिक प्रोफाइलिंग। बस समस्या, समाधान और याद रह जाने वाली धुन।

### विक्सः खिच-खिच का इलाज

'विक्स की गोली लो, खिच-खिच दूर करो।'

क्या शानदार सादगी थी! गले में खिच-खिच हुई, विक्स की गोली आई और समस्या गई। जयंत कृपलानी वाले उस विज्ञापन ने दो पंक्तियों में काम निपटा दिया। आज के विज्ञापन में पहले समस्या खोजी जाती है, फिर उपभोक्ता की साइकोलॉजी बनाई जाती है। विक्स ने मामला दो लाइन में निपटा दिया।

विको टर्मरिक : छह शब्दों की बाजीगरी

"Vicco Turmeric, नहीं cosmetic."

बस छह शब्द। परंपरा, आयुर्वेद और भारतीयता को आधुनिक विज्ञापन भाषा में पैक कर दिया गया। पीली ट्यूब घर-घर पहचानी जाने लगी। आज भी उसका नाम सुनते ही पुराना दूरदर्शन सामने आ जाता है।

### रसना : बचपन का स्वाद

"I love you, Ransa."

रसना सिर्फ पेय नहीं था। वह गर्मियों की छुट्टियां थीं। घर में आए रिश्तेदार थे। रसोई में तैयार होता ठंडा शरबत था। बच्चों की खुशी थी। उस छोटी-सी बच्ची की आवाज ने एक पाउडर को बचपन की याद बना दिया।

### मैगी : 'मम्मी, मैं भूखा हूं!'

"Fast to cook, good to eat."

मैगी ने भारतीय रसोई में समय की नई परिभाषा लिखी। बच्चा भूखा है। मां व्यस्त है। समाधान सामने हैः दो मिनट की मैगी। बाद में दो मिनट पर बहस हो सकती है। लेकिन भारतीय मां और बच्चे के बीच मैगी की दोस्ती पर बहस की जरूरत नहीं।

### पान पराग : स्वागत में क्या है?

'पान पराग से स्वागत कीजिए।'

शम्मी कपूर, अशोक कुमार, बाराती और शादी का पूरा फिल्मी माहौल। पान पराग ने भारतीय मेहमाननवाजी को विज्ञापन में बदल दिया। थोड़ा नाच, थोड़ा गाना, थोड़ा दिखावा और खूब सारा उत्सव। भारतीय शादी में जितना ड्रामा होता है, विज्ञापन ने उतना ही स्क्रीन पर डाल दिया, साथ में दहेज-विरोधी संदेश भी छिपा दिया।

ओनिडा : पड़ोसी की जलन

"Neighbour's envy, owner's pride."

और वह शैतान! ओनिडा ने टीवी को मनोरंजन के साधन से उठाकर प्रतिष्ठा का प्रतीक बना दिया। आपके घर में टीवी है? तो पड़ोसी को जलना चाहिए! यह उस बदलते भारत की निशानी थी, जहां उपभोक्तावाद धीरे-धीरे दरवाजे पर दस्तक दे रहा था।

### और भी बहुत कुछ था

लिज्जत पापड़ का 'कुर्रम कुर्रम', अमूल के चुटीले विज्ञापन, बजाज के भावुक अभियान और सबसे बढ़कर 'मिले सुर मेरा तुम्हारा'; ये सब सिर्फ विज्ञापन नहीं थे। ये उस दौर की सामूहिक याददाश्त का हिस्सा थे।

पियूष पांडे, प्रह्लाद कक्कड़, एलिक पदमसी और कई दूसरे रचनात्मक लोगों ने भारतीय विज्ञापन को एक अलग जबान दी। उसमें हास्य था, भावना थी, संगीत था और सबसे बड़ी बात, भारतीय मिट्टी की खुशबू थी।

आज विज्ञापन की दुनिया बहुत बड़ी हो गई है। टीवी के साथ यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, रील्स और शॉर्ट्स की पूरी फौज खड़ी है। ध्यान की अवधि घट गई है। हर कोई अगले तीन सेकंड में दर्शक को पकड़ लेना चाहता है। रचनात्मकता भी जैसे इंस्टेंट नूडल बन गई हैः डालो, पकाओ और भूल जाओ।

आज का मोबाइल वह नया घरेलू तानाशाह है, जिसके सामने पूरा परिवार अलग-अलग स्क्रीन पर झुका बैठा है। रील्स और शॉर्ट्स हमारी जेबों में ऐसे घुस आए हैं जैसे बरसात में कॉकरोच। शोर ज्यादा है। सनसनी ज्यादा है। उत्तेजना ज्यादा है। लेकिन याद रहने वाली रचनात्मकता शायद कम है।

तब एक जिंगल सालों चलता था। आज कई विज्ञापन एक सप्ताह में कूड़ेदान में चले जाते हैं।

शायद हमें दूरदर्शन के विज्ञापन नहीं, वह हिंदुस्तान याद आता है जो उनके साथ जुड़ा था।

एक चैनल था।
एक ड्राइंग रूम था।
पूरा परिवार था।
एक जिंगल बजता था।
और देखते-देखते पूरा हिंदुस्तान गाने लगता थाः
'वॉशिंग पाउडर निरमा'
क्या वह सचमुच बेहतर दौर था?

# भागवत की न्यूयॉर्क यात्राः आर्थिक निवेश, सांस्कृतिक कूटनीति और वैश्विक संघ नेटवर्क का विस्तार

अशोक भाटिया

आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की न्यूयॉर्क यात्रा समकालीन वैश्विक परिदृश्य, भारत-अमेरिका संबंधों के रणनीतिक भविष्य और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सांस्कृतिक कूटनीति की बदलती दिशा के दृष्टिकोण से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटनाक्रम है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस वैश्विक संपर्क कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रवासी भारतीयों से संवाद करना मात्र नहीं है, बल्कि यह उभरती हुई वैश्विक व्यवस्था में भारत की वैचारिक, दार्शनिक और आर्थिक ताकत को एक साथ रेखांकित करने का एक सुनियोजित प्रयास है। अगस्त 2026 में हो रही इस उच्च-स्तरीय यात्रा के बहुआयामी प्रभाव हैं, जो पारंपरिक कूटनीति के दायरों से बहुत आगे निकल जाते हैं। इस दौरे के प्रभाव को मुख्य रूप से तीन बड़े स्तंभों के माध्यम से समझा जा सकता है, जिसमें पहला अमेरिकी कॉर्पोरेट जगत के दिग्गजों और उद्यम पूंजीपतियों के साथ भविष्य की तकनीकों पर हुआ गंभीर आर्थिक विमर्श है, दूसरा वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध मैडिसन स्क्वायर गार्डन में भारतीय प्रवासियों का ऐतिहासिक सांस्कृतिक समागम है, और तीसरा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस यात्रा को लेकर पैदा हुए वैचारिक अंतर्विरोध और तीखे राजनीतिक विरोध प्रदर्शन हैं। इन सभी पहलुओं का एक साथ मिलकर विश्लेषण यह स्पष्ट करता है कि आधुनिक भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाला यह संगठन अब वैश्विक स्तर पर देश की छवि, नीतियों और अंतरराष्ट्रीय विमर्श को प्रभावित करने के लिए किस प्रकार अपनी रणनीतियों का विस्तार कर रहा है।

इस पूरी यात्रा का सबसे पहला और आर्थिक रूप से अत्यंत व्यावहारिक पड़ाव न्यूयॉर्क में वैश्विक कॉर्पोरेट जगत के शीर्ष अधिकारियों, नीति-निमार्ताओं और उद्यम पूंजीपतियों के साथ आयोजित एक विशेष गोलमेज बैठक थी। इस संवाद के दौरान पारंपरिक द्विपक्षीय व्यापार के स्थापित ढांचों से आगे बढ़कर पूरी तरह से भविष्य की उन्नत प्रौद्योगिकियों यानी डीप-टेक पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस उच्च-स्तरीय बैठक में दूरसंचार क्षेत्र के आधुनिकीकरण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में निजी निवेश की संभावनाओं, स्वच्छ ऊर्जा के वैश्विक लक्ष्यों और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक विधाओं में भारत-अमेरिका के बीच सहयोग पर गहराई से विमर्श हुआ। डॉ. मोहन भागवत ने वैश्विक निवेशकों के सामने भारत को एक विश्वसनीय, लोकतांत्रिक, कानून सम्मत और विकासोन्मुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में मजबूती से प्रस्तुत किया। इस चर्चा के दौरान अमेरिकी निवेशकों ने भारत के



विशाल बाजार और उसकी बढ़ती आर्थिक क्षमता की सराहना तो की, लेकिन साथ ही उन्होंने राज्य स्तर पर आने वाली प्रशासनिक और विनियामक बाधाओं पर अपनी व्यावहारिक चिंताएं भी साझा कीं। निवेशकों का मुख्य तर्क यह था कि यदि भारत को चीन के एक मजबूत और सुरक्षित विकल्प के रूप में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में आना है, तो भूमि अधिग्रहण, जटिल कर संरचनाओं और स्थानीय स्तर पर फैक्ट्रियां स्थापित करने से जुड़ी प्रक्रियाओं को और अधिक सरल व पारदर्शी बनाना होगा, ताकि प्रशासनिक देरी के बिना निवेश धरातल पर उतर सके। इसी बैठक में सिलिकॉन वैली की जानी-मानी निवेश भागीदार आशा जडेजा मोटवानी जैसी हस्तियों ने भागवत के इस विचार का पुरजोर समर्थन किया कि भारत की युवा जनसांख्यिकी आज दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है, और भारतीय युवा न केवल अपने देश के विकास के इंजन हैं बल्कि वे पूरी दुनिया में सकारात्मक और तकनीकी बदलावों के सबसे बड़े संवाहक बनकर उभर रहे हैं।

इस तीन दिवसीय दौरे का दूसरा और दृश्य रूप से सबसे भव्य पहलू न्यूयॉर्क के ऐतिहासिक और दुनिया भर में प्रसिद्ध मैडिसन स्क्वायर गार्डन में आयोजित होने वाला 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' है। रक्षाबंधन के पावन सांस्कृतिक अवसर पर आयोजित होने वाले इस विशाल समागम में पूरे अमेरिका महाद्वीप से 5,000 से अधिक विशिष्ट भारतीय प्रवासियों और सैकड़ों सांस्कृतिक, दार्शनिक व आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। इस भव्य आयोजन के पीछे बहुत गहरे भू-राजनीतिक और सामाजिक निहितार्थ छिपे हुए हैं, क्योंकि इस पूरे उत्सव का मूल दर्शन भारतीय संस्कृति के कालजयी विचार 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरी दुनिया एक परिवार है, के सार्वभौमिक सिद्धांत पर आधारित है। ऐसे दौर में जब पूरा विश्व भू-राजनीतिक संघर्षों, युद्धों, वैचारिक ध्रुवीकरण और गंभीर जलवायु संकटों से जूझ रहा है, मैडिसन स्क्वायर गार्डन जैसे अत्यधिक प्रभावशाली पश्चिमी मंच से सर्वसमावेशी, बहुसांस्कृतिक और अंतरधार्मिक एकता का संदेश देना भारत की उस 'विश्व-मित्र' वाली छवि को वैश्विक जनमानस में स्थापित करता है जो सभी के कल्याण की कामना करती है। भागवत की यह न्यूयॉर्क यात्रा केवल एक पारंपरिक प्रवास नहीं है, बल्कि यह भविष्य के भारत-अमेरिका संबंधों के इतिहास में एक नया वैचारिक और रणनीतिक अध्याय जोड़ने वाली घटना है। जहाँ एक तरफ इस यात्रा ने अमेरिकी कॉर्पोरेट जगत के साथ सीधा संवाद स्थापित करके भारत में भविष्य की उन्नत तकनीकों और सुरक्षित निवेश के लिए विश्वास का एक नया माहौल तैयार किया है, वहीं दूसरी तरफ मैडिसन स्क्वायर गार्डन के मंच से 'वसुधैव कुटुंबकम' के दर्शन की गूंज ने भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को वैश्विक मंच पर एक नई ऊंचाई प्रदान की है। विरोध और समर्थन के इन वैश्विक अंतर्विरोधों के बीच, यह दौरा स्पष्ट रूप से दिखाता है कि आधुनिक भारत की वैश्विक आकांक्षाओं को पूरा करने और दुनिया के सामने भारत का सकारात्मक पक्ष रखने में अब देश के प्रमुख सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन भी राजनयिक चैनलों के समानांतर एक बेहद प्रभावशाली और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिसके दूरगामी आर्थिक और सामाजिक परिणाम आने वाले समय में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होंगे।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 1 सितंबर 2026 मंगलवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

**प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।**



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन सिंह तुला वृश्चिक और धनु राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। मंगलवार का दिन संकटमोचन श्री हनुमान जी तथा भूमिपुत्र मंगल देव की उपासना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन हनुमान जी को चमेली का तेल और सिंदूर अर्पित करने तथा सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन की समस्त बाधाएं दूर होती हैं और असीम आरोग्य पराक्रम तथा विजय प्राप्त होती है।

### मेष

आज आपका पराक्रम और कार्य कुशलता चरम पर रहेगी जिससे आप कठिन से कठिन चुनौतियों को भी बहुत सरलता से पार कर लेंगे। भूमि और भवन से जुड़े पुराने मामले आपके पक्ष में सुलझेंगे। हनुमान जी को बूंदी का भोग लगाएं जिससे आपके सभी रुके हुए कार्य तेजी से पूरे होंगे।

### वृष

आज आपको अपनी वाणी और भाषा शैली पर विशेष संयम रखने की आवश्यकता है अन्यथा परिजनों के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। व्यापार में धन का लेन देन करते समय पूरी सतर्कता बरतें। किसी मंदिर में लाल मसूर की दाल दान करें जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं दूर होंगी।

### मिथुन

आज आपकी तीक्ष्ण बुद्धिमत्ता और रणनीतिक सोच से व्यापार में अप्रत्याशित लाभ के सुंदर योग बन रहे हैं। नए संपर्क सूत्रों के माध्यम से करियर में प्रगति होगी। श्री राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें जिससे आपके यश और सम्मान में निरंतर वृद्धि होगी।

### कर्क




आज कार्यस्थल पर अधिक कार्यभार के कारण शारीरिक थकान और तनाव का अनुभव हो सकता है इसलिए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। अनावश्यक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। शिवलिंग पर शहद अर्पित करें जिससे आपका मानसिक तनाव दूर होगा और शांति मिलेगी।

### सिंह

आज आपकी राशि पर मंगल का शुभ प्रभाव बना रहेगा जिससे समाज और राजनीति के क्षेत्र में आपका वर्चस्व और प्रभाव बढ़ेगा। आय के नए स्रोत मिलने से मन अत्यंत प्रफुल्लित रहेगा। हनुमान जी के सम्मुख दीपक जलाएं जिससे आपकी सभी बाधाएं स्वतः समाप्त होंगी।

### कन्या

आज प्रशासनिक और सरकारी कार्यों में आपको बड़ी सफलता प्राप्त होगी तथा उच्च अधिकारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यापारिक क्षेत्र में नई योजनाओं को लागू करने के लिए समय उत्तम है। गरीब बच्चों को फल दान करें जिससे आपके भाग्य का द्वार खुलेगा।

### तुला

आज धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में आपकी गहरी रुचि रहेगी जिससे आपको आत्मिक संबल और परम शांति मिलेगी। भाग्य का पूर्ण साथ मिलने से सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। बहते जल में थोड़ा सा गुड़ प्रवाहित करें जिससे आपके कष्ट दूर होंगे।

### वृश्चिक

आज आपको वाहन चलाते समय और यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। व्यावसायिक निर्णयों में जल्दबाजी से बचें और अनुभवी लोगों से परामर्श लें। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का पाठ करें जिससे सभी गुप्त संकट समाप्त होंगे।

### धनु

आज दांपत्य जीवन में अपार मधुरता रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ पारिवारिक कार्य पूरा होगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होने के मजबूत योग हैं। मस्तक पर लाल चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपका प्रभाव बढ़ेगा।

### मकर

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं को परास्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आपके पक्ष में कोई राहत मिल सकती है। पक्षियों को लाल ज्वार या गेहूं डालें जिससे मन का भय समाप्त होगा।

### कुंभ

आज विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यंत शुभ और सफलता देने वाला रहेगा तथा अध्ययन में एकाग्रता बनी रहेगी। कला और लेखन क्षेत्र से जुड़े जातकों को सम्मान मिलेगा। हनुमान चालीसा का वाचन करें जिससे आपकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी।

### मीन

आज आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और भूमि अथवा नए वाहन की खरीद-फरोख्त से जुड़ा निर्णय ले सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा। गाय को गुड़ और रोटी खिलाएं जिससे आपके घर में शांति और अखंड समृद्धि बनी रहेगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

मंगलवार के दिन भवन के दक्षिण कोण अथवा मुख्य द्वार को पूरी तरह स्वच्छ रखकर वहां चमेली के तेल का दीपक प्रज्वलित करने तथा सिंदूर से स्वास्तिक निर्मित करने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा हनुमान जी की कृपा से दुर्घटना भय तथा नकारात्मक ऊर्जा का पूर्ण विनाश होता है।

# नंदगांव में 5 सितंबर को जन्माष्टमी, 6 को नंद महोत्सव

- रक्षाबंधन से ही शुरू हो जाती हैं आठ दिवसीय तैयारियां
- हर दिन गाईं जाती हैं बधाई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



श्रीकृष्ण जन्मस्थान सहित देश भर में जन्माष्टमी 4 सितंबर को मनाई जाएगी जबकि नंदगांव में एक दिन बाद यानी 5 सितंबर को मनाई जाएगी। यहां जन्मोत्सव की तैयारियां रक्षाबंधन से शुरू होकर आठ दिनों तक चलने वाली खास ब्रज परंपरा के साथ होती हैं।

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की पावन भूमि नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इस बार देश के अन्य हिस्सों से एक दिन बाद मनाई जाएगी। जहां मथुरा-वृंदावन सहित देशभर में 4 सितंबर को भगवान श्रीकृष्ण का 5253वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा, वहीं नंदगांव में 5 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और 6 सितंबर को नंद महोत्सव आयोजित होगा। जन्माष्टमी की तिथि में यह अंतर किसी पंचांग की सामान्य गणना नहीं, बल्कि नंदगांव की सदियों पुरानी और अनूठी धार्मिक परंपरा का हिस्सा है।

नंदगांव के नंद भवन में जन्माष्टमी की तैयारियां रक्षाबंधन से ही शुरू हो जाती हैं। रक्षाबंधन के दिन से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की बधाई के पदों का गायन आरंभ होता है और जन्माष्टमी तक लगातार आठ दिनों तक ब्रज की पारंपरिक बधाई गायन परंपरा निभाई जाती है। रसिक संतों और ब्रज के परंपरागत गायकों द्वारा गाए जाने वाले इन पदों में नंद बाबा के घर कान्हा के जन्म की खुशी, यशोदा मैया का वात्सल्य और ब्रजवासियों के आनंद का भाव झलकता है।

**जन्माष्टमी के बाद नंद महोत्सव**

नंदगांव में जन्माष्टमी के अगले दिन नंद महोत्सव मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद नंद बाबा के घर खुशी और बधाइयों का ऐसा उल्लास छाया कि पूरा ब्रज आनंद में डूब गया। इसी भाव को नंद महोत्सव के रूप में जीवंत किया जाता है। जन्माष्टमी के दिन नंद भवन में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की बधाइयां गूंजेंगी। मंदिर में पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ ब्रज के लोकगीत, बधाई पद और भक्ति संगीत वातावरण को कृष्णमय करेंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंद बाबा के आंगन में कान्हा के जन्मोत्सव के साक्षी बनने के लिए नंदगांव पहुंचेंगे।

**पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा आज भी कायम**

नंदगांव की यह परंपरा केवल जन्माष्टमी की तिथि में अंतर नहीं बताती, बल्कि ब्रज की उस भाव परंपरा को दशार्ती है जिसमें श्रीकृष्ण को भगवान के साथ-साथ नंद बाबा और यशोदा मैया के लाड़ले बालक के रूप में पूजा जाता है। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**तिथि घट जाए, लेकिन कान्हा की बधाई नहीं**

नंदगांव की जन्माष्टमी परंपरा की सबसे खास बात यह है कि यहां उत्सव में किसी भी दिन की बधाई कम नहीं की जाती। नंदगांव के सेवायत के अनुसार, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से प्रतिदिन अलग-अलग रसिक संतों द्वारा रचित बधाई के पदों का गायन गोस्वामी जनों द्वारा किया जाता है। प्रत्येक तिथि की अपनी अलग बधाई होती है। उनके अनुसार, कभी-कभी पंचांग की गणना में कोई तिथि क्षय हो जाती है। ऐसे में यदि सामान्य तिथि के अनुसार जन्माष्टमी मनाई जाए तो बधाई गायन का एक दिन कम हो जाएगा। ब्रजवासी अपने लाला के जन्मोत्सव में किसी भी प्रकार की कटौती स्वीकार नहीं करते। इसी मान्यता के चलते सदियों पहले नंदबाबा मंदिर के सेवायतों ने ऐसी परंपरा निर्धारित की कि रक्षाबंधन के आठवें दिन ही नंदगांव में जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इसी विशेष गणना के कारण नंदगांव में जन्माष्टमी की तिथि देश के अन्य स्थानों से अलग दिखाई देती है। परंपरा के अनुसार न तिथि घटेगी और न बधाई का कोई दिन कम होगा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री ब्रज को देंगे 446 करोड़ का बर्थडे गिफ्ट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- ब्रज तीर्थ विकास परिषद और एमवीडीए की 42 परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास-लोकार्पण
- 4 सितंबर को आएंगे मुख्यमंत्री, जन्मोत्सव में भी लेंगे भाग

जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा को 446.09 करोड़ रुपये का बर्थडे गिफ्ट देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 4 सितंबर को ब्रज तीर्थ विकास परिषद और मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की 42 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें 263.69 करोड़ रुपये की लागत वाली 19 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा पूर्ण हो चुकी 23 परियोजनाओं का लोकार्पण होगा।

ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सीईओ एवं मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद से गोवर्धन तहसील के ऊंचागांव में सखीगिरी पर्वत के 30 हेक्टेयर वन क्षेत्र का ईको-रेस्टोरेशन, महावन के प्रेमनगर स्थित बौद्ध विहार परिसर में पर्यटक सुविधाओं का विकास, शेरगढ़ स्थित श्री दाऊजी मंदिर परिसर का संरक्षण, पंडाल, पार्किंग एवं सुलभ प्रसाधन का निर्माण, फरह के दीनदयाल धाम में पर्यटन अवस्थापना केंद्र का निर्माण, वृंदावन परिक्रमा मार्ग स्थित भवनों में फसाड़ लाइटिंग, सौंदर्यीकरण एवं साइनेज तथा गोवर्धन में पर्यटन सुविधाओं का विकास शामिल है।

वहीं, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की प्रमुख परियोजनाओं में छाता क्षेत्र में 30 मीटर चौड़ी मास्टर प्लान रोड का निर्माण, छटीकरा-वृंदावन मार्ग का सौंदर्यीकरण, मथुरा कट से टैंक चौराहा मार्ग का सौंदर्यीकरण, लक्ष्मी नगर तिराहे से कृष्णापुरी तिराहे तक सड़क का उच्चीकरण, बरसाना परिक्रमा मार्ग पर पार्किंग एवं पर्यटक सुविधाओं का विकास तथा श्रीकृष्ण जन्मस्थान के आसपास गलियों और मार्गों पर स्ट्रीट फसाड का विकास शामिल है।

उन्होंने बताया कि ब्रज तीर्थ विकास परिषद की लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं में अकबरपुर जैत में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, करहला में बज्रनाभ समाधि का पुनरुद्धार एवं सौंदर्यीकरण, वृंदावन के सुनरख में सौभरि ऋषि वाटर बॉडी का सौंदर्यीकरण, नौहझील के गले हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विकास और पानीगांव स्थित यमुना पुल पर फसाड लाइटिंग शामिल है। इसके अलावा मथुरा परिक्रमा मार्ग का नवीनीकरण एवं विकास, विभिन्न भाषाओं में साइनेज बोर्ड, गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में गेस्ट हाउस, यमुना एक्सप्रेस-वे से पागल बाबा मंदिर-वृंदावन रोड पर नया प्रवेश द्वार तथा विभिन्न बॉर्डर प्वाइंट पर भव्य प्रवेश द्वार भी लोकार्पित किए जाएंगे।

# मगरमच्छ को पकड़ने में नहीं मिली कामयाबी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बाह।

मुकुंदीपुरा के तालाब में मौजूद मगरमच्छ को पकड़ने के लिए ग्रामीण और वनकर्मी जाल लेकर अपनी जान खतरे में डाल कर रविवार को तालाब में उतर गये। गंदगी एवं दलदल के बीच मगरमच्छ को पकड़ने में कामयाबी नहीं मिली। रविवार को तालाब को खाली नहीं कराया जा सका। वहीं गांव के लोग मगरमच्छ के हमले की दहशत में दिन रात काटने को मजबूर हैं, बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित भी। रविवार को कुछ ग्रामीणों ने रेस्क्यू के लिए दबाव बनाया, दबाव में ग्रामीण और वनकर्मी तालाब में उतरे और मगरमच्छ को पकड़ने के लिए जाल डाला, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। बाह के रेंजर अमित कुमार ने बताया कि वह विशेषज्ञ टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। रेस्क्यू में माहिर वनकर्मी तालाब में मगरमच्छ के पहरे पर लगाए हैं। बाहर आते ही उसे पकड़ लिया जाएगा। तालाब खाली कराने के बाद ही मगरमच्छ को रेस्क्यू किए जाने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को तालाब के पास जाने से बचने को जागरुक किया है।

**वर्जन-**

रविवार को मगरमच्छ रेस्क्यू नहीं किया जा सका, सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर तालाब में न उतरने की वनकर्मियों को हिदायत दी गई है। तालाब खाली होने के बाद ही मानक संचालन प्रक्रिया को अपना कर मगरमच्छ को विशेषज्ञ पकड़ेंगे।

– अमित कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी, सामाजिक वानकी रेंज, बाह

# रात्रि में मैराथन भ्रमण कर जन्माष्टमी महापर्व से पूर्व तैयारियां परखीं

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व को देखते हुए नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने शनिवार देर रात मथुरा और वृंदावन का भ्रमण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। अधीनस्थों से कहा कि महापर्व से पूर्व सभी प्रकाश व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को सुंदर, आकर्षक एवं व्यवस्थित नगर का अनुभव हो तथा प्रमुख मार्ग भव्य प्रकाश व्यवस्था से जगमगाते नजर आएं।

नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने शनिवार देर रात्रि मथुरा एवं वृंदावन के प्रमुख मार्गों की प्रकाश व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख मार्गों पर की गई प्रकाश व्यवस्था, सजावटी लाइटिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया गया। नगर आयुक्त ने मछली फाटक फ्लाईओवर पर कुछ तिरंगा लाइट एवं मोर आकृति की लाइटें बंद पाए जाने पर तत्काल उन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए गए।भूतेश्वर क्षेत्र में तिरंगा लाइट एवं दीवारों पर की जा रही फेसाड/सजावटी लाइटिंग के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। 100 फुटा फ्लाईओवर पर तिरंगा लाइटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। रमणरेती पुलिस चौकी से बिहारी जी क्षेत्र तक पेड़ों पर लाइटिंग कराने के निर्देश दिए गए। रमणरेती से पुलिस चौकी तक पेंटिंग पर वार्म व्हाइट लाइटिंग की व्यवस्था कराने को कहा गया। पागल बाबा तिराहे से पवन हंस हेलीपैड तक अस्थायी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने अवर अभियंता (विद्युत) को निर्देशित किया कि जन्माष्टमी के दृष्टिगत संपूर्ण मार्गों की प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण कराया जाए तथा जहां भी लाइटिंग में कोई कमी या खराबी हो, उसे तत्काल दूर कराया जाए।

**लल्ला आ रहो है अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता तेज**

जन्माष्टमी की तैयारियों के अंतर्गत नगर निगम द्वारा संचालित लल्ला आ रहो है अभियान को प्रमुख प्रवेश स्थलों एवं भंडारा आयोजन क्षेत्रों में सक्रिय किया गया है। मथुरा रेलवे स्टेशन एवं नए बस स्टैंड पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें स्वच्छ ब्रज के संकल्प से जोड़ा गया। भंडारा स्थलों पर पर्याप्त कूड़ेदान रखने, प्लास्टिक के गिलास, प्लेट, पानी के पाउच एवं सजावट का उपयोग न करने, स्वयंसेवकों की तैनाती करने तथा आयोजन के बाद स्थल की पूर्ण सफाई सुनिश्चित करने की निरंतर अपील की जा रही है।



## कांग्रेस प्रवक्ता को अपशब्द कहने का विरोध, नारेबाजी

टीएनएफ टुडे, मथुरा। अयोध्या के हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास के खिलाफ कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ ने रविवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने होली गेट चौराहे पर महंत राजू दास का पुतला फूंका और नारेबाजी की। प्रदर्शन कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद को कथित तौर पर एक डिबेट के दौरान अपशब्द कहे जाने के विरोध में किया गया। सुबह करीब 11.30 बजे बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता होली गेट चौराहे पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि महंत राजू दास ने एक सार्वजनिक मंच पर कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। इससे कांग्रेस कार्यकताओं में नाराजगी है। कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है। हालांकि, विरोध या बहस के दौरान भी सार्वजनिक मयार्दा का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि महंत राजू दास की कथित टिप्पणी सामाजिक सौहार्द और सार्वजनिक मयार्दा के सिद्धांतों के विपरीत है। इसी के विरोध में कार्यकताओं ने प्रदर्शन और पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने सरकार और प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की। पुतला दहन और नारेबाजी के दौरान होली गेट क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति रही। हालांकि, पुलिस बल की मौजूदगी में प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया। कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने कहा कि वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे और सार्वजनिक मयार्दा बनाए रखने की मांग को लेकर आगे भी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## आयराखेड़ा में मनीष पहलवान ने जीती 21 हजार की आखिरी कुश्ती



टीएनएफ टुडे, राया। राया क्षेत्र के ग्राम आयराखेड़ा में वर्षों पुराना ऐतिहासिक दंगल में आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों पहलवानों ने भाग लेकर कुश्ती के शानदार दांव-पेच दिखाए। दर्शकों ने तालियों से पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। दंगल की अंतिम और मुख्य कुश्ती 21 हजार रुपये के इनाम की रही, जिसे देखने के लिए दर्शकों में खासा उत्साह नजर आया। दंगल के सफल आयोजन में संयोजक इंदल सिंह सहित रेफरी मुकेश, श्याम सिंह, पप्पू सिंह, जगदीश प्रसाद, ओमवीर नेताजी, सुशील कुमार, बीरी काका एवं पलेन्द्र सिंह, मीरा सिंह (भारतीय किसान यूनियन टिकैत) का विशेष सहयोग रहा। दंगल आयोजक इंदल सिंह प्रधान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के पारंपरिक दंगलों के आयोजन से युवा पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है। साथ ही, कुश्ती जैसी पारंपरिक खेल विधाओं को बढ़ावा देने में भी ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कर्नाटक कैफे में इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स का खास सोशल मीडिया चैलेंज, गेम्स और क्विज ने बढ़ाया उत्साह

मथुरा। सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम की दुनिया से जुड़े मथुरा के प्रसिद्ध इन्फ्लुएंसर्स के लिए एक विशेष और रोचक कार्यक्रम का आयोजन कर्नाटक कैफे कल्याणम करोति के पास किया गया। कर्नाटक कैफे में दक्षिण भारतीय, चाइनीज और कॉन्टिनेंटल व्यंजनों का स्वाद उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान इन्फ्लुएंसर्स के लिए विभिन्न इंस्टाग्राम चैलेंज, क्विज और मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान पहुंचे इन्फ्लुएंसर्स को कैफे के विभिन्न व्यंजनों का स्वाद भी परोसा गया। प्रतिभागियों ने स्प्रिंग रोल्स, पिज्जा और विभिन्न प्रकार के डोसा का आनंद लिया, वहीं मिठास के लिए रवा केसरी भी विशेष रूप से परोसी गई। आयोजित प्रतियोगिताओं में मेमोरी गेम की विजेता भूमि गौतम रहीं, जबकि इसी गेम में लक्ष्य ठाकुर और रितिक यादव की टीम ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं ह्यब्रज की बात, क्विजह्न में लक्ष्य ठाकुर और रितिक यादव की टीम विजेता रही। इसके अलावा इंस्टाग्राम क्विज में दुर्गा ने पुरस्कार जीता। कर्नाटक कैफे के मैनेजर विनीत उपाध्याय ने बताया कि कैफे में ग्राहकों के स्वाद और सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण भारतीय, चाइनीज और कॉन्टिनेंटल व्यंजनों की विशेष श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि कैफे में स्वाद के साथ-साथ ग्राहकों को एक अच्छा और आरामदायक अनुभव देने का भी विशेष ध्यान रखा गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी शामिल इन्फ्लुएंसर्स को विशेष गिफ्ट हैम्पर्स देकर सम्मानित किया गया। इस विशेष आयोजन ने मथुरा के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को एक साथ जोड़ते हुए मनोरंजन, स्वाद और डिजिटल क्रिएटिविटी का शानदार अनुभव प्रदान किया

# भाजपाईयों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- मन की बात देशवासियों को जोड़ने और प्रेरणा देने का सशक्त माध्यम: अर्चना मिश्रा

भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 137वें ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम का आयोजन रविवार को होटल मुकुंद धाम,भूतेश्वर रोड पर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना मिश्रा रहीं।

मुख्य अतिथि अर्चना मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों से सीधा संवाद स्थापित करने वाला प्रभावी माध्यम है। प्रधानमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रखने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, विज्ञान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने का संदेश दिया है। पूर्व ऊर्जा मंत्री विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मन की बात के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों की प्रेरणादायी कहानियां सामने आती हैं। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर पूर्व महानगर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव महामंत्री विनीत शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी ज्ञानेंद्र राणा उपाध्यक्ष राम किशन पाठक संजय शर्मा ललित गौतम सुरेंद्र सिंह प्रधान जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा घनश्याम लोधी डॉ देवेंद्र शर्मा मंत्री पूजा चौधरी दीपक गोला कल्पना गर्ग अंकुर गुर्जर बृजेश अहेरिया योगेश आवा मनोज सौनोठ ठाकुर दीपा अग्रवाल शशि शुक्ला पार्षद प्रणय पाराशर मंडल अध्यक्ष नितिन कौशिक लोकेश तायल अजय सिंह राजावत सुनील तरकर हाकिम सिंह टीटू राजू चौधरी दीपक नागर अश्वनी सैनी यतेंद्र फौजदार पुष्पेंद्र चौधरी आकाश नागर आकाश पचौरी पार्षद नीरज वशिष्ठ कुंज बिहारी भारद्वाज आदि मौजूद थे।

# सैनी समाज ने भरी हुंकार अब वोट बैंक नहीं, हिस्सेदारी चाहिए

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर सैनी समाज का बहुप्रतीक्षित सैनी समाज दिशा संवाद एवं मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह रविवार को मसानी रोड स्थित नेशनल चेम्बर भवन में बड़े ही गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राम भरोसी चांदी वालों ने की, जबकि कुशल संचालन राम अचल मौर्य ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी जी द्वारा शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिराव फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

समारोह के प्रथम सत्र में समाज के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। दिशा संवाद में सैनी समाज के वक्ताओं ने एक स्वर में अपनी पीड़ा व्यक्त की। समाज को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक राम अवतार सैनी ने कहा कि समाज की प्रगति केवल संख्या से नहीं, बल्कि जागरूकता, शिक्षा, संगठन और नेतृत्व से होती है। हमारा समाज सबसे मेहनतकश समाज है, लेकिन शिक्षा और राजनीतिक चेतना के अभाव में हम अपने संवैधानिक हक-अधिकारों से वंचित रहे हैं। उन्होंने समाज को ललकारते हुए कहा, कब तक हम सिर्फ वोट बैंक बनकर रहेंगे। अब समय आ गया है कि हम सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी के लिए जागरूक हों और सशक्त नेतृत्व के साथ मिलकर अपने बच्चों के भविष्य के लिए एक मंच पर आएं। कार्यक्रम में रमेश सैनी, पीतम सैनी अंजलि सैनी, संतोष सैनी, रवि सैनी, राजेश सैनी, बृजलाल सैनी, लक्ष्मन सैनी, मुकेश सैनी, महेश सैनी, जगदीश सैनी, डा.अशोक सैनी, अभिमन्यु सैनी, पवन प्रधान, ओमप्रकाश सैनी, ओमपाल सैनी, काका जी, सुभाष सैनी, बाबू लाल सैनी, बुद्धी लाल सैनी, तोता राम सैनी, मेघश्याम सैनी आदि उपस्थित रहे।

# संस्कृत सप्ताह में घर घर तुलसी पौधे व गीता का किया वितरण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्रावण पूर्णिमा विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष में संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में घर घर संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर घर घर तुलसी पौधा और श्रीमद्भगवद्गीता व संस्कृत वदतु पुस्तिका का वितरण किया गया।

घर घर तुलसी घर घर गीता वितरण अभियान का शुभारंभ गोपाल गली स्थित गोपाल मंदिर पर श्री गोपाल वैष्णव पीठाधीश्वर यदुनंदन जी महाराज के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य आचार्य कुंज किशोर चतुर्वेदी,आचार्य मकरंद चतुर्वेदी,ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी, प्रमुख समाजसेवी देवेश चतुर्वेदी, गिरधर पाठक गिरधर मुरारी ट्रस्ट आदि को तुलसी पौधा व श्रीमद्भगवद्गीता और संस्कृत वदतु पुस्तिका भेट की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी एवं ज्योतिषाचार्य



पंडित दीपक चतुर्वेदी ने वैदिक व पौराणिक मंगलाचरण से किया। गोपाल पीठाधीश्वर श्री यदुनंदन जी महाराज ने संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार और संस्कृत भाषा को जनसाधारण की भाषा बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आचार्य कुंज किशोर चतुर्वेदी, आचार्य मकरंद चतुर्वेदी, ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए वर्तमान में युवा पीढ़ी को संस्कृत भाषा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्कृत भारती मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने बताया कि संस्कृत सप्ताह के कार्यक्रमों की श्रृंखला में घर घर संस्कृत भाषा के स्टीकर, बैनर,पत्रक आदि प्रचार सामग्री और घर घर तुलसी व श्रीमद्भगवद्गीता का वितरण किया जा रहा है साथ में संस्कृत वदतु पुस्तिका भी वितरित की जा रही है जिससे सर्व समाज में संस्कृत भाषा के प्रति आकर्षण पैदा हो सके। संस्कृत भारती ब्रजप्रांत न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा, हरस्वरुप यादव, ने संस्कृत भारती के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम संयोजक रामदास चतुर्वेदी शास्त्री,आचार्य शरद चतुर्वेदी, सौरभ शास्त्री, पंकज शास्त्री ने विद्वानों को अंगवस्त्र व तुलसी पौधा, श्रीमद्भगवद्गीता एवं संस्कृत वदतु पुस्तिका भेट की। पूर्व पार्षद रामदास चतुर्वेदी शास्त्री ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# हर्षोल्लास के साथ सेंट मेरीज स्कूल में मनाया गया 'राष्ट्रीय खेल दिवस'

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को दी गई श्रद्धांजलि

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।

सेंट मेरीज विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डेमियन एंथनी द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न हाउसों के विद्यार्थियों रोनक पाथेय, आराध्या चौहान, सुहानी चौहान, कानिका पचौरी, माही पाठक और प्रत्यक्ष गौर ने मेजर ध्यानचंद के जीवन और उनके खेल योगदान पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सम्मानित शिक्षक अजीत शर्मा ने बच्चों को मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेकर संघर्षशील बनने तथा खेलों को सच्ची खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया।

खेल प्रशिक्षक नीरज गुप्ता, आशीष यादव एवं गंभीर यादव के कुशल नेतृत्व में विद्यालय में विभिन्न रोमांचक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए पिक एंड ड्रॉप बॉल और हूला हूप रिले रेस, तथा कक्षा चार के लिए पासिंग द बॉल रिले प्रतियोगिता कराई गई, जबकि कक्षा नौ से बारहवीं तक के छात्रों के बीच साइकिल रेस का आयोजन हुआ। रोमांचक मुकाबलों की इस कड़ी में वॉलीबॉल का मुकाबला टाइगर टीम ने रॉयल चैलेंजर टीम को हराकर अपने नाम किया। वहीं, छात्राओं के



बीच हुए खो-खो मुकाबले में वॉरियर टीम ने रॉयल टाइगर को मात दी और छात्रों के बीच खेले गए कबड्डी के कड़े मुकाबले में ब्लू टाइम्स टीम ने रेड बुल्स को पराजित कर विजयश्री हासिल की। इन सभी खेल मुकाबलों के दौरान अजीत शर्मा और अतुल चौहान ने अपनी शानदार कमेंट्री से सभी का उत्साहवर्धन किया।

इसी क्रम में कचहरी रोड स्थित सेंट मेरीज के.जी. सेक्शन में भी राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। अध्यापिका भावना त्रिपाठी ने बच्चों को प्रार्थना सभा में संबोधित करते हुए बताया कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक विकास, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। विद्यालय प्रबंधक दीपक जी. दास ने अपने संबोधन में कहा कि यदि देश के युवा खेलों में आगे बढ़ेंगे, तो राष्ट्र का भविष्य और अधिक उज्जवल होगा। नन्हे-मुन्नों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में नर्सरी और के.जी. वन के छात्र-छात्राओं ने बैलून रेस, के.जी. टू ने पार्टनर रेस तथा कक्षा एक के बच्चों ने म्यूजिकल चेयर में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्या मनोरमा ने समापन भाषण में कहा कि खेल जीत और हार का ही नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सहयोग का माध्यम हैं।

इस भव्य आयोजन में सह-निर्देशक कुशाग्र दास, उप-प्रधानाचार्य दीपांकर विश्वास समेत संपूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# झाड़ियों से ढका मधुपुरी तिराहा बना हादसों का कारण, ग्रामीणों ने खुद की सफाई

## जिलाधिकारी से बोर्ड, सांकेतिक चिन्ह, स्पीड ब्रेकर, सड़क चौड़ीकरण और प्रतीक्षालय बनवाने की मांग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एलाऊ।

ब्लॉक जागीर क्षेत्र के कुसमरा-मैनपुरी मार्ग स्थित मधुपुरी तिराहे पर सुबह दर्जनों ग्रामीणों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। तिराहे के दोनों ओर कई महीनों से खड़ी बड़ी-बड़ी झाड़ियों और घास-फूस के कारण राहगीरों को सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते थे। ग्रामीणों ने तिराहे को हादसों का कारण बताते हुए स्वयं सड़क किनारे की झाड़ियों की सफाई की और प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई।

ग्रामीणों के अनुसार मधुपुरी गांव से मुख्य सड़क पर आने वाले संपर्क मार्ग के दोनों तरफ झाड़ियां इतनी बढ़ गई थीं कि मोड़ पर वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते थे। वहीं, गांव की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग की जानकारी देने वाला कोई सांकेतिक बोर्ड भी नहीं लगा है। तेज रफ्तार वाहनों के



अचानक तिराहे पर पहुंचने से हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि चार दिन पूर्व गांव निवासी पुष्पराज साइकिल से घर जा रहे थे। इसी दौरान मधुपुरी तिराहे पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी थी। हादसे में पुष्पराज की मौके पर ही मौत हो गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि तिराहे पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए। ग्रामीण तिराहे पर एकत्र हुए और सड़क के दोनों ओर खड़ी झाड़ियों तथा घास-फूस को काटकर साफ किया। उनका कहना था कि हादसा होने के बाद भी यदि प्रशासन नहीं जागा तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सफाई के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तिराहे पर दोनों ओर गांव के नाम के बोर्ड, सांकेतिक चिन्ह और स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग की। इसके अलावा तिराहे की सड़क का चौड़ीकरण कराने और यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय बनवाने की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि बोर्ड और संकेतक लगने से वाहन चालकों को पहले से मोड़ व संपर्क मार्ग की जानकारी मिलेगी, जबकि स्पीड ब्रेकर से वाहनों की रफ्तार कम होगी और हादसों पर अंकुश लगेगा।

इस मौके पर अवधेश कुमार, विमलेश कुमार, नीरज, राकेश, अनमोद, सर्वेश, अमित कुमार, ब्रजेश कुमार, प्रवीन, कमलेश, शिवम विवेक, नवीन समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# मैनपुरी के भदोलपुर और सलूकनगर में पागल कुत्तिया का आतंक: एक दर्जन से अधिक लोग और पांच पालतू जानवर गंभीर रूप से घायल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बरनाहल/मैनपुरी।

बरनाहल के वार्ड नंबर 12 स्थित ग्राम भदोलपुर में शुक्रवार रात को एक पागल कुत्तिया ने भारी आतंक मचाते हुए एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों और पांच पालतू जानवरों को काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। रात करीब 3 बजे वायुवृद्ध चौधरी पहलवान सिंह यादव जब चारपाई पर लेटने जा रहे थे, तब कुत्तिया ने उन पर अचानक हमला कर पैर में गहरा जख्म कर दिया, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उन्हें तुरंत इटावा के पीजीआई सैफई अस्पताल रेफर किया गया। इस खूंखार जानवर ने पुलिसकर्मी अजय कुमार यादव, सुखबीर सिंह यादव, बिट्टू यादव, रामऔतार यादव, सत्यराम यादव की पोती और निर्वेश यादव के भांजे सहित कई अन्य लोगों को भी अपने खौफनाक दांतों से बुरी तरह घायल कर दिया।

इस पागल कुत्तिया का कहर सिर्फ भदोलपुर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने समीपवर्ती ग्राम सलूकनगर में पहुंचकर सर्वेश कुमार यादव, स्वर्गीय रामनाथ यादव की पत्नी, अभिषेक यादव और भगवत दयाल यादव को भी अपना शिकार



बनाया तथा नगर पंचायत क्षेत्र में एक सफाई कर्मी को भी काटकर जख्मी कर दिया। इस लगातार बढ़ते हमलों से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग घरों से निकलने में भी डरने लगे हैं।

घटना के तुरंत बाद सभी घायलों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरनाहल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर एंटी-रेबीज के इंजेक्शन लगवाए और अपने घावों की ड्रेसिंग करवाई। पीएचसी बरनाहल पर तैनात डॉ. हनीफ खान ने बताया कि सभी पीड़ितों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं ताकि संक्रमण का खतरा न रहे। इस बीच, भयभीत और आक्रोशित ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस आदमखोर कुत्तिया को तुरंत पकड़वाया जाए, अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशों के क्रम में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में 29 अगस्त 2026 को अपराह्न 1:30 बजे जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी तैयारियों का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वेयर हाउस के



पास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था तथा एफएलसी कार्य के लिए एक पुलिस नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वेयर हाउस परिसर की बेहतर साफ-सफाई, पीने के पानी, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। वेयर हाउस को पूरी तरह सैनिटाइज कराने के निर्देश भी दिए गए।

एफएलसी के दौरान जिन स्थानों पर बैरिकेडिंग की जानी है, उसके संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल ने जिलाधिकारी को जानकारी दी। अधिकारियों ने एफएलसी कार्य में लगाए जाने वाले कर्मचारियों की ड्यूटी एवं उनकी जिम्मेदारियों को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सड़क नहीं तो वोट नहीं, फरीदपुर में ग्रामीणों का प्रदर्शन

■ चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी, बीजेपी के खिलाफ नारेबाजी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एलाऊ।

ब्लॉक जागीर क्षेत्र के गांव फरीदपुर में सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने भाजपा के खिलाफ भी नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो इस बार चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव तक पहुंचने वाला करीब एक किलोमीटर मुख्य मार्ग लंबे समय से कच्चा पड़ा है। बरसात के दिनों में सड़क पर पानी भरने से यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। फिसलन के



कारण छोटे बच्चे आए दिन गिरकर चोटिल हो जाते हैं, जबकि बुजुर्ग भी इस रास्ते से निकलने में कतराते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।

पिछली बार वोट बहिष्कार के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद वर्षों बीतने के बाद भी मार्ग की स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि बार-बार आश्वासन मिलने के बाद भी समस्या दूर नहीं हुई, इसलिए अब वह आंदोलन करने को मजबूर हैं।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द मुख्य मार्ग का निर्माण कराने की मांग की। साथ ही गांव में चिन्हित पंचायत घर की भूमि पर पंचायत घर का निर्माण कराने की भी मांग उठाई। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि सड़क और पंचायत घर की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सभी ग्रामीण आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। उनका कहना था कि सड़क नहीं तो वोट नहीं।

# फिरोजाबाद के शिवम राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक के दावेदार

## 71.14 मीटर की स्वर्णिम उड़ान के बाद अब लुधियाना में राष्ट्रीय मंच पर दिखाएंगे दम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

जिले के युवा एथलीट शिवम यादव अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। 21वीं राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 1 से 3 सितंबर तक पंजाब के लुधियाना स्थित गुरु नानक स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में देशभर के अंडर-18 खिलाड़ी विभिन्न स्पधाओं में हिस्सा लेंगे।

फिरोजाबाद के प्रतिभाशाली भाला फेंक खिलाड़ी शिवम यादव भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे। शिवम ने हाल ही में आयोजित 21वीं यूपी स्टेट यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 71.14 मीटर भाला फेंककर शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इस प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उनसे पदक की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

शिवम रविवार को अपने प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक श्यामवीर के साथ लुधियाना के लिए रवाना हुए। करीब 1080 किलोमीटर की यात्रा तय कर वह राष्ट्रीय मंच पर फिरोजाबाद का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके साथ जिले के अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रियांशु 110 मीटर हर्डल्स तथा आशीष 1000 मीटर दौड़ में प्रतिभाग करेंगे।




2 सितंबर को क्वालीफिकेशन, 3 को फाइनल

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरुष अंडर-18 भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन मुकाबला 2 सितंबर और फाइनल 3 सितंबर को निर्धारित है। इस स्पर्धा में 700 ग्राम के भाले का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि स्वचालित क्वालीफिकेशन मानक 63 मीटर निर्धारित है। ऐसे में शिवम का हालिया 71.14 मीटर का प्रदर्शन उन्हें मजबूत दावेदार बनाता है।

राष्ट्रीय पदक पर नजर

शिवम की कोशिश अब राष्ट्रीय मंच पर अपने प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए पदक जीतने की होगी। उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए जिले के खेल प्रेमियों और खेल जगत को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं।

शिवम की नजर भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचने पर भी है। उनका लक्ष्य युवा स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करना है। हालांकि किसी एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतना अपने आप में अंतरराष्ट्रीय चयन की गारंटी नहीं है और अंतिम चयन संबंधित आधिकारिक मानदंड एवं प्रक्रिया के आधार पर ही होगा।

फिरोजाबाद के तीन खिलाड़ी मैदान में

- शिवम यादव – भाला फेंक
- प्रियांशु – 110 मीटर हर्डल्स
- आशीष – 1000 मीटर दौड़

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन फिरोजाबाद ने तीनों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की।

फिरोजाबाद की मिट्टी से लुधियाना तक–अब लक्ष्य राष्ट्रीय पदक और देश के लिए बड़ी उड़ान।



### अंधेरे का फायदा उठाकर युवती से आभूषण ले जाने का आरोप , पुलिस बोली मामला झूठा

घिरोर। थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम को शौच क्रिया को गयी युवती का मुंह बंद कर कानों से झुमकी ,गले से जंजीर छीन कर ले जाने का एक युवक पर आरोप लगा है। घटना के समय युवती की चीख पुकार की आवाज सुन ग्रामीण और परिजन एकत्रित हो गए। पीड़िता ने 112 पर कॉल की तो मौके पर पुलिस पहुंची। उसके वाद थाना पुलिस भी पहुंच गई। युवक को पुलिस पकड़ कर साथ ले आई। वही पुलिस केवल कहासुनी का मामला बता रही है। थाना क्षेत्र के गांव नगला पुनू निवासी नीतू ने बताया कि कुछ दिन पूर्व अपनी ससुराल से रक्षाबंधन के लिए आई थी शनिवार शाम के लगभग साढ़े सात बजे शौच क्रिया के लिए खेतों की तरफ गई थी उसी समय नगला मंगली निवासी सत्यवीर सिंह ने मुंह दवा लिया उसके पश्चात कानों से झाले गले से जंजीर छीन कर ले गया। वही थाना प्रभारी अनुज चौहान का कहना है कि कहासुनी का मामला है। अभी तक पीड़िता के द्वारा कोई तहरीर भी नहीं दी गई है।

### ग्राहक खींचने को लेकर भिड़े दो दुकानदार, लाठी-डंडे और टमाटर की क्रेट से हुआ हंगामा



नवीगंज/मैनपुरी। नवीगंज कस्बे के मुख्य बाजार में ग्राहक को अपनी दुकान की ओर बुलाने को लेकर दो दुकानदारों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों, लात-घूंसों के साथ टमाटर की क्रेट तक चल गई। अचानक हुए हंगामे से मुख्य बाजार में भगदड़ की स्थिति बन गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दुकानदारों के बीच मारपीट और अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दे रहा है। घटना के बाद बाजार में काफी देर तक चर्चा का माहौल बना रहा। मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी लोगों की नजर बनी हुई है।

### ट्रैफिक कांस्टेबल से मारपीट और वर्दी फाड़ने के मामले में आरोपी युवक, पिता और भाई हिरासत में



मैनपुरी। शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित शीतला माता मंदिर के पास अटल चौक पर शनिवार सुबह ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक कांस्टेबल यजुवेंद्र कुमार के साथ एक बाइक सवार ने बदसलूकी करते हुए मारपीट की और उनकी वर्दी फाड़ दी। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब कांस्टेबल ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह कुछ आगे जाकर रुका। इसके बाद जब कांस्टेबल वहां पहुंचे, तो दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई जो देखते ही देखते गंभीर विवाद में बदल गई। मौके पर मौजूद लोगों के समझाने के बावजूद यह हंगामा करीब 20 से 25 मिनट तक चलता रहा, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई। पड़ताल में आरोपी बाइक सवार की पहचान पीयूष यादव पुत्र गजराज यादव के रूप में हुई है, जिसने हंगामे के दौरान अपने पिता गजराज यादव और भाई विवेक यादव को भी मौके पर बुला लिया था। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन चौकी प्रभारी दिनेश कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए आरोपी बाइक सवार युवक, उसके पिता और भाई को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### 31 अगस्त को मैनपुरी आएंगे कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी कुणाल चौधरी

मैनपुरी। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी कुणाल चौधरी 31 अगस्त को मैनपुरी पहुंचेंगे। वह जिला कांग्रेस कार्यालय, मंडी धर्मदास में पूर्वाह्न 11 बजे कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी सूचना के अनुसार बैठक में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पूर्व सांसद, लोकसभा क्षेत्र के आवेदक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख, पूर्व एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्य, ब्लॉक एवं नगर अध्यक्ष, न्याय पंचायत एवं वार्ड अध्यक्ष सहित विभिन्न कांग्रेस संगठनों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सोशल मीडिया, अनुसूचित जाति विभाग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विभाग, किसान कांग्रेस, सैनिक प्रकोष्ठ, पंचायती राज संगठन, आरटीआई विभाग सहित अन्य प्रकोष्ठों के अध्यक्षों और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े कार्यकताओं की भी भागीदारी रहेगी। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकताओं से संवाद स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में कुणाल चौधरी कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेंगे तथा बैठक को संबोधित करेंगे।

### टूंडला पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना टूंडला पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूंडला के कुशल नेतृत्व में थाना टूंडला पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सूरज पुत्र मान सिंह, निवासी नगला दल, थाना पचोखरा, जनपद फिरोजाबाद, उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त थाना टूंडला में दर्ज मु0अ0सं0 411/2026, धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस एवं 3/4(1) पॉक्सो एक्ट में वांछित था। उसे 29 अगस्त 2026 को दीपा चौराहा के सामने स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह, उपनिरीक्षक जतिनपाल, कांस्टेबल नरेन्द्र प्रताप, कांस्टेबल संतोष कुमार एवं महिला हेड कांस्टेबल सुमन शामिल रहीं।

# मानकों से समझौता कर स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

## सभी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम एवं नैदानिक संस्थानों का निर्धारित मानकों के अनुरूप पंजीकरण अनिवार्य

टीएनएफ टुडे, एटा।

■ जिला रजिस्ट्रेशन प्राधिकरण की बैठक में आवेदनों की समीक्षा

जनपद में आमजन को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं मानकानुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) एक्ट, 2010 के अंतर्गत गठित जिला रजिस्ट्रेशन प्राधिकरण की बैठक जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम एवं अन्य नैदानिक संस्थानों का पंजीकरण निर्धारित अधिनियम एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा निर्धारित मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में नैदानिक संस्थानों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 50 शैय्या से अधिक एवं 50 शैय्या से कम क्षमता वाले चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम के पंजीकरण संबंधी आवेदनों का निर्धारित मानकों के अनुरूप गहन परीक्षण किया जाए। संस्थानों में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाएं, योग्य चिकित्सक एवं मानव संसाधन, आवश्यक उपकरण, भवन संबंधी व्यवस्थाएं, अग्नि एवं सुरक्षा मानक सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं का गंभीरता से परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि प्रत्येक नैदानिक संस्थान की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित संस्थान को निर्धारित समयावधि में कमियों को दूर करने के निर्देश दिए जाएं तथा अनुपालन न करने की स्थिति में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए।

बैठक में प्राप्त आवेदनों एवं निरीक्षण आख्या के आधार पर संस्थानों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिन चिकित्सालयों एवं नैदानिक संस्थानों द्वारा निर्धारित मानकों एवं आवश्यक अभिलेखों की पूर्ति कर ली गई, उनके पंजीकरण की संस्तुति जिला रजिस्ट्रेशन प्राधिकरण द्वारा की गई। वहीं निरीक्षण के दौरान जिन संस्थानों में कमियां पाई गईं, उन्हें आवश्यक त्रुटियों एवं कमियों का निराकरण कर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने हेतु समय प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के पंजीकरण, नवीनीकरण एवं नियमित निरीक्षण की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी नैदानिक संस्थान निर्धारित मानकों की अनदेखी कर आमजन के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न कर सके। उन्होंने कहा कि पारदर्शी एवं समयबद्ध पंजीकरण व्यवस्था से जहां स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा, वहीं संस्थानों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) योगेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगम लाल, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश मौर्य, आईएमए सदस्य डॉ. अनुराग प्रकाश तथा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी (क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट) डॉ. राममोहन तिवारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




### नेपाल त्रासदी के पीड़ितों के लिए कैंडल मार्च, श्रद्धांजलि

टीएनएफ टुडे, कासगंज। नेपाल में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन की प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए भारतीय किसान यूनियन (अपना अधिकार) की ओर से शनिवार को कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च गांधी स्मारक पहुंचकर संपन्न हुआ। यहां पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कार्यकताओं ने पांच मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के साथ घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और लापता लोगों के सकुशल मिलने की प्रार्थना की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनार सिंह वर्मा ने कहा कि मानवता की कोई सीमा नहीं होती। नेपाल के पीड़ित नागरिकों और किसानों के दुख में संगठन उनके साथ है। किसान का दुख हमारा दुख है। कैंडल मार्च के दौरान संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# काली नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबकर युवक लापता

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

■ गांव में हुई मौत के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था
■ युवक की तलाश के लिए नहर में उतरे गोताखोर और फ्लड यूनिट के जवान

अंतिम संस्कार में शामिल होने आया युवक नहर में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया। युवक की तलाश के लिए ग्रामीण गोताखोर और फ्लड यूनिट के जवान नहर में उतरे हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक युवक को खोजा नहीं जा सका है।

सदर कोतवाली के गांव पावासरा में एक व्यक्ति की हादसे में मौत हो गई थी शव को अंतिम संस्कार के लिए काली नदी ले जाया गया था। ग्रामीणों के साथ गांव का इक्कतीस वर्षीय पवन भी अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था। जब अंतिम संस्कार के बाद कुछ लोग नदी में स्नान करने के लिए उतर गए उनके से पवन गहरे पानी में डूबने लगा लोग कुछ समझ पाते तब तक वह गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया। मौके पर कोहराम मच गया सूचना परिजनों और कोतवाली पुलिस को दी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू आपरेशन शुरू कराया।

नहर में युवक की तलाश जारी है।

# अलीगढ़ में रोबोट और मशीनों से सीवर की सफाई

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

शहर के चौक मैनहोल की सफाई मैकेनिकल कराये जाने के लिए महापौर प्रशान्त सिंघल व नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने ट्रैक्टर माउंटेड सीवर मैनहोल क्लीनिग मशीन की कार्यप्रणाली का जयंगज क्षेत्र में पहुंच कर बंद सीवर लाइन के एक मैनहोल की सफाई करते हुए ट्रायल लिया। मौके पर महापौर व नगर आयुक्त को उक्त मशीन का डेमो देने वाले कंपनी इंजीनियर ने बताया कि ट्रैक्टर माउंटेड सीवर मैनहोल क्लीनिग मशीन का इस्तेमाल शहर की तंग गलियों में आसानी से किया जा सकता है, कानपुर, लखनऊ, गाजियाबाद आदि नगर निगमों में इसी मशीनों की मदद से चौक सीवर मैनहोल की संतोषजनक सफाई की जाती है उक्त 1 मशीन एक दिन में लगभग 15-20 मैनहोल की आसानी से सफाई करती है किसी भी मैनुअल लेबर के सीवर लाइन मैनहोल में उतरने की जरूरत नही पड़ती।

मशीन का परीक्षण करने के उपरांत महापौर व नगर आयुक्त ने इस मशीन को अलीगढ़ की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप पाया और निर्णय लिया शहर में लगभग नगर निगम के 1200 सीवर मैनहोल की सफाई का कार्य इसी तर्ज पर मेकेनिकल कराया जाए।

मौके पर नगर आयुक्त ने प्रभारी महाप्रबंधक जल अजय कुमार सक्सेना को नगर निगम द्वारा पूर्व में बिना ट्रैक्टर माउंटेड वाली क्रय की गई 2 सीवर क्लीनिग मशीन को क्रियाशील कराकर उनको भी इसी मशीन की तर्ज पर ट्रैक्टर माउंटेड कराने व उक्त दोनों मशीनों का संचालन एजेंसी के माध्यम से 2 साल के लिए कराए जाने व उपयोगिता व आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त मशीनों को क्रय करने के लिए व्यव का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि शहर की सीवर सफाई व्यवस्था पूर्णतः 1 अक्टूबर से होगी डमबींदप्रमक (मैकेनाइज्ड) होगी नगर निगम च्तमअमदजपअम (प्रीवेंटिव) सीवर सफाई की ओर हुआ अग्रसर हो रहा है। इस व्यवस्था से समय से पहले सीवर मैनहॉल की सफाई व निगरानी को एक्टिव मोड पर नगर निगम रहेगा और इस व्यवस्था से जल्द सीवर मैनहॉल ओवरफ्लो की समस्या से शहवासियो को निजात भी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि शहर में लगभग 107 किलोमीटर लंबी शहर की सीवर लाइन के 1200 मैनहॉल व सीएम ग्रिड व भविष्य में अन्य माध्यम से बनी सीवर लाइन की सफाई को भी डमबींदप्रमक (मैकेनाइज्ड) रोबोट के जरिये कराया जाएगा। सीवर मैनहोल की इस मशीन से सफाई कराए जाने के सार्थक परिणाम सामने आएंगे जहां एक और मैनुअल लेबर की जान के जोखिम का खतरा खत्म होगा।

महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा शहर में सीवर लाइन के चौक होने की समस्या के निदान की दिशा में नगर निगम प्रयासरत है आने वाले दिनों में इन मशीनो से बिना किसी जोखिम उठाये आसानी से तंग गलियों में सीवर मैनहोल की सफाई संभव हो सकेगी।

### बाइक भिड़ंत में युवक की मौत, दंपती घायल

टीएनएफ टुडे, सोरों। रविवार को सोरों थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दंपती घायल हो गए। कासगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढिलाबाली निवासी उत्तम कुमार पुत्र सोरेन सिंह अपनी पत्नी संगीता को उसकी मायके की ओर स्थित नगला सिसैया से लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। श्यामपुर गांव के पास उनकी बाइक की दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर बिल्सी थाना क्षेत्र के ग्राम ढदुमड, जिला बदायू निवासी रोहित पुत्र राजपाल (32) सवार थे। हादसे में उत्तम कुमार, उनकी पत्नी संगीता और रोहित घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। उत्तम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं संगीता को उपचार के बाद परिजन घर ले गए। मृतक के बहनोई राजू ने बताया कि रोहित शनिवार को अपनी बहन के यहां नगला आया था। रविवार सुबह करीब 11:30 बजे वह बाइक से अपने घर जाने की बात कहकर निकला था। रोहित परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही पत्नी नीरज और करीब 10 वर्षीय बेटा अनूप का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सब्जी लेकर घर लौट रहे अधेड़ को मैक्स पिकअप ने रौंदा, मौत

टीएनएफ टुडे, कासगंज। शनिवार रात सब्जी लेकर पैदल घर लौट रहे अधेड़ को मैक्स पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मिरहची थाना क्षेत्र के गांव जन्हेरा निवासी कल्लू खां (54) पुत्र मंगू खां शनिवार रात करीब 7:15 बजे सिकरवार कॉम्प्लेक्स के पास से पैदल अपने घर लौट रहे थे। वह घर के लिए सब्जी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए मैक्स पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में कल्लू खां गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल मामो लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन रात करीब 8:30 बजे उपचार के दौरान कल्लू खां ने दम तोड़ दिया।

### नबालिग समेत 4 युवतियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

अलीगढ़। बन्नादेवी पुलिस ने विगत देर रात जीटी रोड स्थित ई-बस स्टॉप पर मालगोदाम रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित ई-बस स्टॉप से पुलिस ने चार लड़कियों को हिरासत में लिया। इनमें एक नाबालिग बताई जा रही है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने यह छापा स्थानीय लोगों के मुताबिक, ई-बस स्टॉप पर शाम के बाद संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। आरोप था कि यहां अक्सर कुछ लोग जुटते हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। शिकायतों के आधार पर सीओ द्वितीय धनंजय सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से चार लड़कियों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। प्रारंभिक पूछताछ में इनमें एक के नाबालिग होने की जानकारी सामने आई। पुलिस उनके परिजनों से संपर्क करने के साथ दस्तावेजों की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह युवतियां वहां किस लिए आयीं थीं, उनका किसी संगठित गिरोह से संबंध है।

# के. ए. कॉलेज में कॉलेज आमर्रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन

## अभिषेक और अंशिका बने चैंपियन ऑफ चैंपियंस

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए के. ए. (पी. जी.) कॉलेज द्वारा कॉलेज आमर्रेसलिंग (पंजा लड़ाना) चैंपियनशिप 2026झ27 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर प्राचार्या डॉ. मिथिलेश कुमारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि आमर्रेसलिंग केवल शक्ति का खेल नहीं है, बल्कि इसमें तकनीक, संतुलन, प्रतिक्रिया क्षमता, मानसिक दृढ़ता और अनुशासन का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है।

पुरुष वर्ग में अभिषेक कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया और चैंपियन ऑफ चैंपियंस का खिताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में अंशिका ने सभी प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को हराकर चैंपियन ऑफ चैंपियंस का गौरव हासिल किया।

### विद्यार्थियों ने स्वयं संभाली प्रतियोगिता की जिम्मेदारी

प्रतियोगिता की विशेषता यह रही कि इसका योजना निर्माण से लेकर प्रतियोगिता के सफल संचालन, व्यवस्थाओं तथा रेफरीशिप तक का कार्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गठित आयोजन समिति ने किया। आयोजन समिति में अमन कुमार, अंकित कुमार, पार्थ गांधी, पुष्पेंद्र कुमार, अमित यादव, प्रिंस गुहार, क्वीन गार्गी, चांदनी कुशवाहा, विनीता सहित अन्य विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पुरुष वर्ग में विजेताओं का शानदार प्रदर्शन

पुरुष वर्ग, दायां हाथ के मुकाबलों में 50 किग्रा भार वर्ग में प्रवीण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 55 किग्रा में मंजीत कुमार प्रथम, गौरव कुमार द्वितीय तथा लोकेश यादव तृतीय रहे। 60 किग्रा में नितेश शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 65 किग्रा में अभिषेक कुमार प्रथम, शिव कुमार द्वितीय तथा गोपाल तृतीय रहे। 70 किग्रा में आसू कुरैशी प्रथम तथा सक्षम सोलंकी द्वितीय रहे। 75 किग्रा में अहलेनूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 80 किग्रा में मंसब कुरैशी प्रथम तथा आयुष सोलंकी द्वितीय रहे, जबकि 80+ किग्रा भार वर्ग में अर्णव राठौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग, बायां हाथ में 55 किग्रा भार वर्ग में मंजीत कुमार प्रथम रहे। 60 किग्रा में नितेश शर्मा प्रथम तथा यशपाल द्वितीय रहे। 65 किग्रा में शिव कुमार प्रथम तथा 70 किग्रा में सक्षम सोलंकी प्रथम रहे।

### महिला खिलाड़ियों ने भी दिखाया दमखम

महिला वर्ग, दायां हाथ के मुकाबलों में 45 किग्रा भार वर्ग में साक्षी मिश्रा प्रथम, कुमकुम द्वितीय तथा लता कुमारी तृतीय रहीं। 50 किग्रा में अंशिका प्रथम तथा सना द्वितीय रहीं। 55 किग्रा में अनमता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 60 किग्रा में जयशिखा प्रथम तथा 65 किग्रा में बोनेश प्रथम रहीं। महिला वर्ग, बायां हाथ में 45 किग्रा भार वर्ग में लता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 60 किग्रा भार वर्ग में जयशिखा प्रथम रहीं।

### अभिषेक और अंशिका बने चैंपियन ऑफ चैंपियंस

प्रतियोगिता में अपने-अपने भार वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को आपस में मुकाबला कराया गया। जो खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करता है, उसे चैंपियन ऑफ चैंपियंस का खिताब प्रदान किया जाता है।

### दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, कासगंज। सहावर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे 22 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस के अनुसार 28 अगस्त को एक युवती के साथ छेड़छाड़, मारपीट और दुष्कर्म के आरोप में थाना सहावर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में नगला कलुआ निवासी दशरथ पुत्र डालचंद शाक्य वांछित चल रहा था। थाना प्रभारी राधेश्याम ने पुलिस ने बताया कार्रवाई करते हुए रविवार को बोदर रोड स्थित नगला कलुआ तिराहे के पास से आरोपी दशरथ को गिरफ्तार कर लिया आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

### धान रोपते समय किसान को सांप ने डसा, मौत

टीएनएफ टुडे, कासगंज/अमांपुर। शनिवार शाम खेत में धान की रोपाई कर रहे किसान को सांप ने डस लिया। थाना अमांपुर क्षेत्र के गांव बीरपुर निवासी कुंवरपाल (55) पुत्र दानसहाय शनिवार शाम करीब 5:15 बजे अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सांप ने डस लिया। सांप के डसने की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें पीएचसी अमांपुर लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल कासगंज रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान कुंवरपाल ने दम तोड़ दिया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मजदूर को कुचला

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

■ अमापुर से घर लौटते समय हनोता गेट के पास दर्दनाक हादसा
■ आठ माह के मासूम के सिर से उठा पिता का साया

हनोता गेट के समीप शनिवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। गल्ला मंडी के सामने स्थित इंडियन पेट्रोल पंप की गली निवासी 25 वर्षीय राहुल पुत्र सौरन शनिवार रात करीब 7:30 बजे अपनी बजाज प्लेटिना बाइक से अमापुर से घर लौट रहा था। जैसे ही वह हनोता गेट के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल ने मौके पर ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 और स्थानीय थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम गृह भिजवाया। मृतक राहुल मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालता था। वह तीन भाइयों और तीन बहनों में शामिल था। राहुल की शादी हो चुकी थी और उसका आठ माह का एक बेटा आर्यन है। अचानक हुए इस हादसे से पत्नी राधा और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मासूम आर्यन के सिर से पिता का साया उठ जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

### मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला थाना में हुई काउंसलिंग, पति-पत्नी में कराया समझौता

हाथरस। महिला थाना हाथरस में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत पारिवारिक विवाद से संबंधित शिकायत पर दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई गई। ग्राम कलवारी निवासी मुमताज पुत्री बुन्दू खान ने 27 अगस्त 2026 को अपने पति कइयम मलिक पुत्र रहीम बख्श निवासी कलवारी के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया था कि उसके पति एवं ससुरालीजन उसके साथ मारपीट करने के साथ ही गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। शिकायत के बाद महिला थाना प्रभारी रितु तोमर ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर काउंसलिंग की।

काउंसलिंग के दौरान पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता कर आपसी विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास किया। वार्ता के बाद पति एवं ससुरालीजनों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में मुमताज के साथ मारपीट, गाली-गलौज अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया जाएगा। पुलिस के अनुसार काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों में सहमति बन गई।

# मोदी के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प

■ भाजपाइयों ने सुना 'मन की बात' का 137वां संस्करण

टीएनएफ टुडे, कासगंज।



भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व का 137वां संस्करण उत्साहपूर्वक सुना गया। जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में एकत्र हुए पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को पूरी एकाग्रता के साथ सुना और उनसे प्रेरणा ली।

जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक बदलावों और जन-आंदोलनों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दोहराया। नेताओं ने कहा कि देश को परम वैभव पर ले जाने के लिए हर कार्यकर्ता राष्ट्रहित के कार्यों में अग्रिम पंक्ति में रहकर अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। इस अवसर पर पार्टी के कई प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी डॉ. मनोज शर्मा, राजीव माहेश्वरी, अजय शर्मा समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर स्टंटबाजी का वीडियो वायरल, पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

हाथरस। सोशल मीडिया पर बाइक से खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो वायरल होने के बाद हाथरस गेट पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। पुलिस ने स्टंट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर स्टंटबाजी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो थाना हाथरस गेट पुलिस के संज्ञान में आया था। वीडियो में एक युवक बरेली हाईवे, थाना हाथरस गेट क्षेत्र में बाइक से खतरनाक तरीके से स्टंट करता दिखाई दे रहा था। युवक यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए बाइक चला रहा था।

### दो बाइकों की भिड़ंत में मासूम समेत छह घायल

अलीगढ़। अकराबाद थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित गांव गोपी के निकट बाबा होटल के पास दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे हुई इस दुर्घटना में एक मासूम सहित कुल छह लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, सतीश पुत्र शाबिर अपनी बाइक से सूबीना पत्नी रफीक (निवासीगढ़ आमांखेड़ा), अपनी बहन सुल्ताना पत्नी नईम (निवासी इगलास), सौफियान और अनस को दवा दिलाने के लिए अपने गांव आमांखेड़ा से गोपी आ रहे थे। इसी दौरान सामने से पुष्पेंद्र पुत्र किशोरी लाल (निवासी बिलौठी) अपनी बाइक पर आ रहे थे। पुष्पेंद्र अपने गांव से जलेसर स्थित ससुराल अपनी पत्नी को लेने जा रहे थे। बाबा होटल के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में दोनों बाइकों पर सवार सभी छह लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने राहगीरों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं, गंभीर रूप से घायल अनस और पुष्पेंद्र को आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### हसायन पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी की बाइक समेत सामान बरामद

हाथरस। थाना हसायन पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, 5 किलो का एलपीजी गैस सिलेंडर समेत पान मसाला, सुपारी, तंबाकू और सिगरेट के पैकेट बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक हाथरस चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेश पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सिकंदराराऊ के पर्यवेक्षण में थाना हसायन पुलिस ने 28 अगस्त को गश्त एवं चेकिंग के दौरान खटौली गांव के कट के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनुराग पुत्र मलखान निवासी ग्राम खिटौली, थाना हसायन तथा कन्हैया पुत्र हरिपाल निवासी मथुरापुर, थाना हसायन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पान मसाला गोल्ड मोहर पैकेट, एक खुला रितिक सुपारी पैकेट, 15 सफल तंबाकू पाउच, छह तानसेन पान मसाला पाउच, एक खुला कमांडर सिगरेट पैकेट, एक खुला टोटल सिगरेट पैकेट, 5 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर तथा काले रंग की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या वढ86अर6976 बरामद की।

# जिलाधिकारी ने चिकित्सालय परिसरों एवं वार्डों की सुरक्षा के लिए दिए प्रभावी निर्देश

अविनाश कुमार

अलीगढ़। जिले के राजकीय चिकित्सालयों में मरीजों और उनके तीमारदारों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की पहल की है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सभी प्रमुख राजकीय चिकित्सालयों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि चिकित्सालय परिसर, वार्डों एवं प्रवेश-निकास स्थलों पर सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर मरीजों एवं तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने कैम्प कार्यालय पर आहूत बैठक में कहा कि अस्पताल मरीजों के लिए उपचार और राहत का स्थान है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो मरीजों की सुविधा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। रात के समय वार्डों एवं चिकित्सालय परिसरों में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रभावी नियंत्रण, नियमित सुरक्षा गश्त और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एन. सिंह को निर्देशित किया कि जिले के सभी प्रमुख चिकित्सालयों में सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक कमियों को तत्काल दूर कराया जाए। सीएमएस जिला मलखान सिंह चिकित्सालय डॉ. जगवीर सिंह, सीएमएस पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय डॉ. एम.के. माथुर और जिला महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. तैयब खान को भी अपने-अपने चिकित्सालय में सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सालयों में सुरक्षा कर्मियों की सक्रियता, प्रवेश-निकास की निगरानी, रात्रिकालीन गश्त और सीसीटीवी व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी वार्ड अथवा प्रवेश द्वार को इस प्रकार बंद न किया जाए जिससे आपात स्थिति में मरीजों, चिकित्सकों, स्टाफ या तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और मरीजों की सुविधा दोनों प्रशासन की प्राथमिकता हैं।

### बॉक्सिंग-हॉकी प्रतियोगिता में मनोज अलीगढ़ी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

अलीगढ़। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं जिला प्रशासन अलीगढ़ के तत्वावधान में ह्लखेलेगा भारत, जीतेगा भारतह्व अभियान के तहत महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त 2026 को धर्म समाज महाविद्यालय (डीएस डिग्री कॉलेज) परिसर में जिला स्तरीय अंडर-14 बालक-बालिका बॉक्सिंग एवं हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व डीएस डिग्री कॉलेज ग्राउंड के पास स्थित मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर खिलाड़ियों, रेफरी, कोच एवं फेडरेशन के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद प्रतियोगिता की विधिवत शुरूआत हुई। प्रतियोगिता के आयोजन में अलीगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मनोज अलीगढ़ी की सक्रिय भूमिका रही।

# दलीप ट्रॉफी: वैभव ने कप्तान के तौर पर दिखाई परिपक्वता

## डीआरएस का फैसला सही साबित हुआ



एजेंसी, नई दिल्ली।

वैभव सूर्यवंशी ने कम समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना ली है। फिलहाल वह दलीप ट्रॉफी में खेल रहे हैं। रविवार को सेंट्रल जोन के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के पहले दिन वैभव को ईस्ट जोन की कप्तानी करने का मौका मिला। नियमित कप्तान ईशान किशन के दाएं अंगूठे में चोट लगने के बाद वैभव ने स्टैंड इन कप्तान के तौर पर ईस्ट जोन की कमान संभाली। 15 साल के वैभव ने कप्तान के तौर पर परिपक्वता दिखाई और एक सफल डीआरएस लेकर बता दिया कि उनमें लीडरशीप क्वालिटी भी है।

### ईशान के चोटिल होने के कारण संभाली जिम्मेदारी

ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन के बीच दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल रविवार को शुरू हुआ। टॉस जीतकर ईस्ट जोन ने रजत पाटीदार की अगुआई वाली सेंट्रल जोन को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। सेंट्रल जोन की पारी के दौरान विकेटकीपिंग कर रहे ईशान किशन के दाएं अंगूठे में गेंद लग गई। चोट के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। उनकी जगह कुमार कुशाग्र ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। इसी दौरान टीम के उपकप्तान वैभव सूर्यवंशी को अस्थायी रूप से कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप दी गई। यह सीनियर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वैभव की पहली कप्तानी थी।

### कमेंटेटर भी रह गए हैरान

पहली बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सीनियर स्तर पर कप्तानी संभालने से वैभव उत्साहित नजर आए। लेकिन इस दौरान उन्होंने परिपक्वता दिखाई। 40वें ओवर में तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंद पर सेंट्रल जोन के बल्लेबाज आर्यन जुयाल को नॉटआउट दिया गया।

मुकेश को यकीन था कि जुयाल आउट हैं और उन्होंने वैभव को भरोसा दिलाने की कोशिश की, जिससे वह डीआरएस लें। वैभव को मुकेश की बात में दम दिखा और उन्होंने अंतिम क्षणों में डीआरएस का फैसला लिया। वीडियो रिप्ले में साफ नजर आया कि गेंद जुयाल के बल्ले का किनारा लेकर गई है। इस तरह वैभव का डीआरएस लेने का फैसला सही साबित हुआ। इससे वैभव खुशी से झूम उठे और साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाने लगे। ऑन एयर कमेंटेटर ने भी वैभव की सराहना की।

### वैभव को नियुक्त किया गया था उपकप्तान

दलीप ट्रॉफी में वैभव को ईस्ट जोन का उपकप्तान नियुक्त किया गया था और वह ईशान किशन के डिप्टी की भूमिका में थे। हालांकि, नियमित कप्तान के मैदान से बाहर होने के बाद उन्हें अचानक नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। इससे पहले भी वैभव इस टूनार्मेंट में अपने ऑलराउंड खेल को लेकर चर्चा में रहे हैं। नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में उन्होंने बल्ले से सिर्फ आठ रन बनाए थे, लेकिन गेंदबाजी में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और दो विकेट हासिल किए थे। ईस्ट जोन ने वह मुकाबला पारी और 210 रन से जीता था।

# महिला हॉकी विश्वकप: अर्जेंटीना की टीम बनी चैंपियन

**एम्सटेलवीन।** अर्जेंटीना ने शनिवार को रोमांचक फाइनल में सह-मेजबान नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर महिला हॉकी विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया। निर्धारित समय में दोनों टीमें 1-1 से बराबर रहीं, जिसके बाद मुकाबले का फैसला शूटआउट से हुआ। अर्जेंटीना ने शूटआउट में संयम दिखाते हुए बाजी मार ली और तीसरी बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

अर्जेंटीना की ओर से विक्टोरिया ग्रानाटो, ब्रिसा ब्रगेसेर और सोफिया काइरो ने गोल किए। वहीं डियाज जो का प्रयास अमान्य करार दिया गया। नीदरलैंड के लिए केवल वीन मारिन गोल कर सकीं, जबकि पियेन सैंडर्स, फेलिस अलबर्स और मोएस फ्रीके अपने प्रयासों को गोल में नहीं बदल सकीं।

पिछली हार का चुकाया बदला

इस जीत के साथ अर्जेंटीना ने पिछली बार की हार का हिसाब भी बराबर कर लिया। पिछले विश्व कप में नीदरलैंड ने अर्जेंटीना को 3-1 से हराकर खिताब जीता था। खास बात यह है कि अर्जेंटीना ने इससे पहले 2002 और 2010 में भी नीदरलैंड को हराकर विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम की थी। नौ बार की विश्व चैंपियन नीदरलैंड के पास रिकॉर्ड 10वां खिताब जीतने का मौका था, लेकिन अर्जेंटीना ने उसके अभियान पर विराम लगा दिया। लगातार चौथी बार विश्व कप जीतने का डच टीम का सपना भी टूट गया।

### इमरान को लेकर पीसीबी का फरमान

# खिलाड़ियों को पूर्व कप्तान की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करने से रोका

एजेंसी, इस्लामाबाद।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शामिल अपने खिलाड़ियों को पूर्व कप्तान इमरान खान के जेल में बंद होने के मुद्दे पर टिप्पणी नहीं करने की सलाह दी है। यह कदम ब्रिटिश मीडिया की ओर से कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों को उनके देश में विश्व कप विजेता कप्तान इमरान की गिरफ्तारी को लेकर टिप्पणी करने के लिए उकसाने की कोशिश के बाद उठाया गया।

### इमरान को लेकर गरमा रहा मुद्दा

लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन लंच के दौरान स्काई स्पोर्ट्स पर इमरान के बेटों कासिम और सुलेमान का साक्षात्कार प्रसारित होने के बाद यह मुद्दा और गरमा गया। पाकिस्तान के मुख्य कोच सरफराज अहमद से भी माइक आर्थटन ने पूछा कि क्या खिलाड़ियों ने इमरान के बेटों का साक्षात्कार देखा है। सरफराज ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि खिलाड़ी उस समय खाना खा रहे थे और उन्होंने साक्षात्कार नहीं देखा।



### बहिष्कार की धमकी से क्यों पीछे हटा पीसीबी

पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि बोर्ड स्काई स्पोर्ट्स के साक्षात्कार से खुश नहीं था क्योंकि उसमें राजनीतिक मुद्दा उठाया गया था। हालांकि, दो सितंबर को प्रिंस चार्ल्स द्वारा टीम के लिए आयोजित स्वागत समारोह और ब्रिटेन के साथ मौजूदा राजनयिक संबंधों को देखते हुए बोर्ड ने मामले को ज्यादा तूल देने से बचने और सीरीज जारी रखने का फैसला किया। पाकिस्तान को पहले टेस्ट में पारी और 103 रन से हार का सामना करना पड़ा था। तीसरा टेस्ट नौ सितंबर से बर्मिंघम में खेला जाएगा पूर्व कप्तान 73 वर्षीय इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्हें भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी ठहराया गया था।

एक संवाददाता द्वारा इस संबंध में पूछे जाने पर कि स्काई स्पोर्ट्स पर साक्षात्कार प्रसारित होने की स्थिति में पीसीबी ने लंच के बाद टीम को मैदान पर नहीं भेजने की धमकी दी थी, सरफराज ने कहा, 'नहीं, हमें इसके बारे में कुछ भी पता नहीं है। हम लंच कर रहे थे।' इमरान खान के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर अन्य देशों के क्रिकेटरों से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय मीडिया कवरेज में भी अचानक तेजी आई है। इमरान फिलहाल अदियाला जेल में बंद हैं। इमरान के पूर्व साथी और कप्तान जावेद मियांदाद ने भी अधिकारियों से उन्हें रिहा करने की भावुक अपील की और उन्हें बेहद ईमानदार व्यक्ति बताया।

# मनोरंजन

# 'टॉक्सिक' के बाद कियारा 10 साल पुरानी फिल्म के सीक्वल में आ सकती हैं नजर

इन दिनों कियारा आडवाणी अपनी फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर लगातार चर्चा में हैं। यश के साथ इस फिल्म में उनके किरदार और बोल्ड अंदाज ने खूब ध्यान खींचा है। इसी बीच उनकी अगली फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है।

### इस फिल्म के सीक्वल में आ सकती हैं कियारा



बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी फिल्मों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में अब साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'की एंड का' का नाम भी जुड़ गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स करीब 10 साल बाद 'की एंड का 2' बनाने की तैयारी कर रहे हैं। खास बात यह है कि फिल्म की कहानी पिछली फिल्म की कहानी को आगे नहीं बढ़ाएगी। इसके बजाय 'की' और 'का' नाम के किरदारों को रखते हुए एक बिल्कुल नई कहानी दिखाई जाएगी।

बताया जा रहा है कि फिल्म में 'की' के किरदार के लिए कियारा आडवाणी से संपर्क किया गया है। कियारा ने भी इस प्रोजेक्ट में दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, अभी उन्होंने फिल्म साइन नहीं की है।

वहीं, फिल्म में 'का' का किरदार निभाने वाले एक्टर की तलाश अभी जारी है। मेकर्स कियारा के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए एक सही अभिनेता की तलाश कर रहे हैं।

### करीना कपूर और अर्जुन कपूर थे पहली फिल्म में

बता दें कि 'की एंड का' साल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म में करीना कपूर और अर्जुन कपूर लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म की कहानी काफी अलग थी, जिसमें एक शादीशुदा कपल के जरिए पुरुष और महिला की पारंपरिक भूमिकाओं को उलटकर दिखाया गया था। फिल्म का निर्देशन आर. बाल्की ने किया था।

फिल्म में अर्जुन कपूर ने एक ऐसे पति का किरदार निभाया था, जो घर संभालता है, जबकि करीना कपूर का किरदार नौकरी और करियर पर ध्यान देता है।

### इस साल के अंत में शुरू हो सकती है शूटिंग

फिलहाल 'की एंड का 2' को लेकर आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। मेकर्स फिल्म की कास्टिंग और प्री-प्रोडक्शन पर काम कर रहे हैं। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है।



# क्या अरबाज पटेल ने निक्की तंबोली पर किया चीटिंग का इशारा?

हाल ही में अरबाज पटेल ने चीटिंग से जुड़ी एक स्टोरी शेयर की थी। इसके बाद निक्की ने भी एक स्टोरी शेयर कर उनको जवाब दिया। अब उनका रिश्ता एक बार फिर से चचाओं में आ गया है। जानिए क्या है पूरा मामला।

### अरबाज ने चीटिंग को लेकर क्या लिखा?

अरबाज पटेल ने सोशल मीडिया पर बेवफाई को लेकर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अपने पार्टनर को धोखा देकर फिर घर आना, उसकी आंखों में देखकर उससे प्यार करने की बात कहना एक अलग ही तरह की बेइज्जती है। अरबाज ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन पोस्ट सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे निक्की तंबोली से जोड़ना शुरू कर दिया।

### निक्की ने भी दिया इशारा?

अरबाज की पोस्ट के बाद निक्की ने भी सोशल मीडिया पर एक नोट शेयर किया। उन्होंने सीधे तौर पर अरबाज के आरोपों का जवाब नहीं दिया, लेकिन उनकी पोस्ट को लोग अरबाज के मैसेज से जोड़कर देख रहे हैं। निक्की ने लिखा कि अफेयर सिर्फ इसलिए नहीं होते कि कोई नया इंसान बहुत आकर्षक है। कई बार ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पुराना रिश्ता अपने वादों और सम्मान को निभाना बंद कर देता है। निक्की की इस पोस्ट के बाद फैंस के बीच चर्चा और बढ़ गई है कि आखिर दोनों के बीच क्या हुआ है। फिलहाल दोनों ने अपने रिश्ते की मौजूदा स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन दोनों ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है और सोशल मीडिया पर इन क्रिप्टिक पोस्ट के बाद फैंस लगातार दोनों के रिश्ते को लेकर कयास लगा रहे हैं।

### 'बिग बॉस मराठी 5' में शुरू हुई थी कहानी

निक्की तंबोली और अरबाज पटेल की नजदीकियां 'बिग बॉस मराठी 5' के दौरान देखने को मिली थीं। शो में दोनों की बॉन्डिंग ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। शो खत्म होने के बाद भी दोनों ने अपने रिश्ते को जारी रखा। इसके बाद दोनों साथ में 'द 50' में भी नजर आए। इस दौरान भी उनका रिश्ता काफी मजबूत दिखाई देता था। वर्कफ्रंट की बात करें तो निक्की तंबोली आखिरी बार 'बैटलग्राउंड सीजन 2' में मेंटर के तौर पर नजर आई थीं।

# ऑस्कर ने शेयर किया दीपिका की फिल्म का खास सीन

ऑस्कर अवॉर्ड देने वाली संस्था 'द एकेडमी' अक्सर बॉलीवुड फिल्मों के कुछ खास सीन अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर करती है। हाल ही में संस्था ने दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' का एक अहम सीन अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है। वीडियो के साथ एक बेहतरीन कैप्शन भी लिखा गया है।



### वीडियो में क्या है?

संस्था ने जो क्लिप शेयर की है, उसमें देखा जा सकता है कि रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण एक सनसेट पॉइंट पर बैठे हैं। रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण से कहते हैं 'और अगर हमें बाद में पता चला कि वो लाइट और डांस शो बहुत अच्छा था तो?' इस पर दीपिका कहती हैं 'वो तो होगा ही धांसू। पर अगर हम चले गए तो ये सॉलिड सनसेट मिस हो जाएगा। जितना भी कोशिश कर लो बनी, जिंदगी में कुछ ना कुछ तो छूटेगा ही। तो जहां हैं वहीं का मजा लेते हैं।'

### क्या है कैप्शन?

वीडियो शेयर करते हुए एकेडमी ने लिखा 'नैना की तरफ से आपको याद दिला दें कि जहां हैं, उसका मजा लें। फिल्म 'ये जवानी है दीवानी'। इसके निर्देशक अयान मुखर्जी हैं। लेखक हुसैन दलाल और अयान मुखर्जी हैं। इसमें रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आदित्य रॉय कपूर, कल्कि कोचलिन, कुणाल रॉय कपूर और फारूक शेख हैं।'

### यूजर ने किए कमेंट

वीडियो क्लिप पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा 'हम सबकी तरह द एकेडमी भी दीपिका से प्यार करती है।' दूसरे यूजर ने लिखा 'यह फिल्म हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी।' तीसरे यूजर ने लिखा 'हम सिर्फ नैना को पसंद करते हैं, उसका ही नाम लेने के लिए धन्यवाद। अदिति के साथ वह इस फिल्म की असली जान है।

### 'ये जवानी है दीवानी' का कलेक्शन

बता दें कि फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' 31 मई 2013 को रिलीज हुई थी। इसका बजट 45 करोड़ रुपये था। बॉक्स ऑफिस पर इसने 326 करोड़ रुपये कमाए थे। दोबारा रिलीज होने पर इसने 26 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म की कहानी दोस्ती, प्यार, सपनों और जिंदगी के सफर पर आधारित है।

# 'उई अम्मा' की सफलता का असर, राशा को लेकर 'लड़का लड़की' के मेकर्स कर रहे खास तैयारी



रवीना टंडन की बेटी राशा थड़ानी की अगली फिल्म 'लाईकी लाईका' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। मगर फिलहाल मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट से संबंधित कोई जानकारी साझा नहीं की है। इसी बीच फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने इसे लेकर एक खास जानकारी दी।

### क्या है फिल्म से जुड़ा अपडेट?

एक रिपोर्ट के मुताबिक राशा का इस फिल्म में एक जबरदस्त डांस हो सकता है। सूत्र ने बताया, "फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन के दौरान जिन लोगों ने भी फिल्म देखी है, उन सभी ने अभय और राशा के अभिनय की तारीफ की है। हालांकि, आज के दौर में जब बॉलीवुड सिनेमा में संगीत की भी अहम भूमिका है और राशा यूथ के बीच फेमस भी हैं तो फिल्म निर्माता इसका पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। अब मेकर्स अलग से एक और गाना शूट करने की योजना बना रहे हैं, जिससे दर्शकों के बीच फिल्म की पहुंच और बढ़ सके।"

### पोस्टर से दिए थे दर्शकों को हिंट

मेकर्स ने जनवरी 2026 में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया था। इस पोस्टर के अनुसार फिल्म की कहानी रोमांटिक होगी। पोस्टर में एक लड़का और एक लड़की स्नीकर शूज पहने कपल की तरह खड़े हुए थे। दोनों के जूतों पर खून बिखरा हुआ था।

इस पोस्टर से तो ऐसी हिंट मिलती है कि फिल्म सिर्फ एक लव स्टोरी ही नहीं है। इसमें दोनों के रिश्तों के बीच कोई खतरनाक मोड़ भी यकीनन आएगा।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

सौरभ गुप्ता निर्देशित 'लईकी लईका' में राशा और अभय लीड रोल में नजर आएंगे। दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। फिल्म के पोस्टर पर दी गई जानकारी के मुताबिक यह 2026 की गर्मियों में रिलीज होनी थी। मगर इसे स्थागित कर दिया गया। फिलहाल मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट को लेकर कोई घोषणा नहीं की है।